

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 04 नवंबर 2025 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष -41 ■ अंक-215 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 05 नवंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये







## संक्षेप

### सीएम साय का दो राज्यों का दौरा

**रायपुर,4 नवंबर।** ओडिशा के नुआपाड़ा विधानसभा उपचुनाव में अब कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में अब भाजपा प्रचार में पूरी ताकत झोंकने वाली है. मुख्यमंत्री विष्णदेव साय 6 नवंबर को नुआपाड़ा विधानसभा जाएंगे. जहां वे भाजपा प्रत्याशी जय ढोलकिया के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे. बता दें कि प्रदेश के कुछ नेता भी वहां पर भाजपा प्रत्याशी के प्रचार प्रसार के लिए जुटे हुए हैं. मुख्यमंत्री साय 10 और 11 नवंबर को गुजरात दौरा करेंगे. जहां वे अहमदाबाद में इनवेस्टर कनेक्ट में शामिल होंगे और स्टेचू आफ लिबर्टी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे. जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री 10 नवंबर को गुजरात पंहुचेंगे. इसके बाद अगले दिन 11 तारीख को वे अहमदाबाद में होने वाले छत्तीसगढ़ सरकार के इनवेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में शामिल होंगे. जहां वे गुजरात में बड़े उद्योगपतियों के साथ वन-टू वन मुलाकात करेंगे.

### जेल में कैद कवासी लखमा को कांग्रेस ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

रायपुर,4 नवंबर। एआईसीसीस ने अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस कमेटी के लिए सलाहकार परिषद का गठन किया है। इसमें छत्तीसगढ़ के 8 नेताओं को भी शामिल किया गया है। इनमें दीपक बैज,फूलो देवी नेताम, मोहन मरकाम, प्रेम साय सिंह, अमरजीत भगत,रामपुकार सिंह, खेल साय के साथ बीते 8 माह से जेल में बंद विधायक कवासी लखमा भी शामिल हैं।

### हैदराबाद जा रहे विमान में युवक की मौत

**रायपुर,4 नवंबर।** रायपुर एयरपोर्ट पर आज उस समय हड़कंप मच गया जब इंडिगो फ्लाइट 6E 347 (सिलीगुड़ी-हैदराबाद) में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 37 वर्षीय अमित सिन्हा के रूप में हुई है। अमित सिन्हा लिवर की बीमारी का इलाज कराने के लिए हैदराबाद जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक, उड़ान के दौरान उनकी तबियत बिगड़ने पर पायलट ने रायपुर एयरपोर्ट पर विमान उतारा। फ्लाइट सुबह 11.50 बजे दार्जलिंग से उड़ी थी और दोपहर 01.20 बजे रायपुर पहुंची। मृतक का शव मर्चुरी में रखवाया गया।

### फर्नीचर फैक्ट्री व गोदाम में आग

**अंबिकापुर,4 नवंबर।** शहर के मनेंद्रगढ़ रोड स्थित एक फर्नीचर गोदाम व फैक्टरी में मंगलवार की अलसुबह आग लग गई। सुबह करीब 8 बजे काम करने पहुंचे कारीगरों ने शटर उठाना चाहा तो वह गर्म था। भीतर से धुआं निकल रहा था। यह देख उन्होंने संचालक को सूचना दी। संचालक की सूचना पर फायरब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरु किया। करीब साढ़े 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से गोदाम में रखे लाखों रुपए के फर्नीचर समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गए। मुकेश अग्रवाल की मनेंद्रगढ़ रोड में फर्नीचर की फैक्टरी व गोदाम है। मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे वहां काम करने वाले मजदूर पहुंचे थे। उन्होंने फैक्टरी का शटर उठाना चाहा, लेकिन भीतर से धुआं निकल रहा था। शटर भी गर्म था। आग लगने की आशंका पर उन्होंने संचालक को सूचना दी।

## शावक समेत तीन हाथी कुएं में गिरे

**महासमुंद,4 नवंबर।** महासमुंद जिले से लगाए बारनवापारा क्षेत्र के हरदी गांव में 3 हाथियों का दल विचरण के दौरान कुएं में जा गिरा. इस दल में एक शावक और तीन वयस्क हाथी शामिल हैं.

घटना की जानकारी लगते ही स्थानीय लोगों मौके पर पहुंच गए. उन्होंने वन विभाग को इसकी सूचना दी. घटनास्थल पर बारनवापारा परिक्षेत्र एसडीओ कृष्णु चंद्राकर और उनकी टीम पहुंची है. जानकारी के मुताबिक, वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंकर लोगों को घटनास्थल से दूर किया, जिसके बाद रेस्क्यू अभियान शुरू किया. फिलाहाल जेसीबी मशीन बुलाई गई है. कुएं के पास से रेम बनाया जाएगा, जिससे फंसे हुए शावक और



हाथी को बाहर निकाला जा सके. बताया जा रहा है कि विचरण के दौरान शावक पहले कुएं में गिरा, उसकी आवाज सुनकर अन्य हाथी भी कुएं में उतर गए. बता दें कि पिछले 15 से 20 दिनों से हाथियों का दल बारनवापारा क्षेत्र में विचारण कर रहा है. दीपावली पर्व के दिन ग्राम हरदी में वृद्ध कनकु राम को हाथी ने पटक-पटक कर मार डाला था. हाथियों की मौजूदगी से लगातार क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है.

## नौसेना वाले सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग

बेंगलुरु,4 नवंबर। इसरो ने एक बार फिर से इतिहास रच दिया है। इस बार इसरो ने भारतीय नौसेना के लिए सीएमएस03 सेटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च कर यह कीर्तिमान रचा है। अब नौसेना बेहतर संचार कर सकेगी और दुश्मन के इलाकों पर नजर रख पाएगी। आपको बता दें कि यह भारत का सबसे भारी सेटेलाइट है जिसे इसरो ने अपने बाहुबली रॉकेट एलवीm35 से लॉन्च किया। देसी तकनीक से बनाई यह सैटेलाइट नौसेना के जहाजों, विमानों और पनडुब्बियों को बेहतर ढंग से जोड़ने का काम करेगी। भारतीय नौसेना का यह सीएमएस 03 सैटेलाइट जिसे GS87R के नाम से भी जाना जाता है। एक कम्युनिकेशन सैटेलाइट है। यह सैटेलाइट नौसेना का अब तक का सबसे एडवांस सैटेलाइट है।



स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित उपग्रह को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया। इसरो के अनुसार, सीएमएस-03 बहु-बैंड संचार उपग्रह है और यह भारतीय भूभाग सहित एक विस्तृत समुद्री क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस प्रक्षेपण को देश की आत्मनिर्भरता की भावना का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, भारत के सबसे उन्नत संचार उपग्रह सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई। यह हमारे देश की आत्मनिर्भरता और अत्याधुनिक नवाचार की भावना का एक प्रमुख उदाहरण है। तकनीकी उत्कृष्टता के लिए इसरो की निरंतर खोज भारत को गौरवान्वित करती है। नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में मजबूत दूरसंचार कवरेज प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इसके पेलोड में ऐसे ट्रांसपोंडर शामिल हैं जो विभिन्न संचार बैंड पर आवाज, डेटा और वीडियो लिंक का समर्थन करने में सक्षम हैं। इसमें दी गई हाई कैपेसिटी बैंडविथ इसे और भी खास बनाती है। यह ज्यादा मात्रा में डाटा को बेहद तेजी से ट्रांसफर कर सकेगा। जिससे जहाजों, पनडुब्बियों, विमानों और कमांड सेंटर्स के बीच एक सुरक्षित, तेज और बिना किसी रुकावट वाला नेटवर्क तैयार होगा। इन सभी खूबियों की वजह से यह सेटेलाइट भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत को और भी सशक्त बनाएगी।


## तबादलों पर प्रतिबंध का आदेश जारी

**रायपुर,4 नवंबर।** छत्तीसगढ़ में तबादलों पर प्रतिबंध लग गया है। अगले साल 6 फरवरी तक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर राज्य सरकार ने इस कार्य में जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के तबादले पर रोक लगा दी है। ज्ञातव्य है, छत्तीसगढ़ समेत आधा दर्जन राज्यों में भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। एक नवंबर से इसका आगाज हो गया। मतदाता सूची का जब भी पुनरीक्षण किया जाता है, भारत निर्वाचन आयोग इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इससे जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों के तबादले पर रोक लगा देता है। इसके लिए निर्वाचन आयोग सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र भेज सूचित कर देता है। छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार के पत्र के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने तबादलों पर पाबंदी लगा दी है। सूत्रों का कहना है कि जीएडी ने इस संबंध में 30 अक्टूबर की डेट में आदेश निकाला मगर राज्योत्सव और प्रधानमंत्री विजिट के चक्कर में इसे जारी नहीं किया जा सका। राज्य सरकार ने तबादलों पर प्रतिबंध का जो आदेश निकाला है, उनमें कलेक्टर से लेकर एडिशनल कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार समेत बूथ लेवल के बीएलओ, अधिकारियों, कर्मचारियों का ट्रांसफर शामिल है। बता दें, बीएलओ और बूथ लेवल पर पुनरीक्षण कार्य के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य कार्य एक नवंबर 2025 से छह फरवरी 2026 तक होना है। इस अवधि में विशेष परिस्थितियों में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की अनुमति से राज्य सरकार ट्रांसफर कर पाएगा। ठीक उसी तरह, जैसे विधानसभा, लोकसभा चुनाव के समय आचार संहिता के दौरान होतो है। राज्योत्सव के बाद 6 या 7 नवंबर को कलेक्टरों की एक लिस्ट निकलनी थी। हालांकि, सूची ज्यादा बड़ी नहीं थी, दो-तीन नाम थे। मगर अब ट्रांसफर पर बैन से कलेक्टरों के तबादले नहीं हो पाएंगे। कलेक्टर तो वैसे भी पदेन जिला निर्वाचन अधिकारी होते हैं, उन्हीं के नेतृत्व में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य होता है। इसलिए कलेक्टरों का ट्रांसफर अब 6 फरवरी तक नामुमकिन है। कोई विशेष स्थिति में सरकार अगर निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर किसी कलेक्टर का ट्रांसफर कर दे तो बात अलग है।

## अमेरिका तक छत्तीसगढ़ी सिनेमा की गूंज

### अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिखाई गई फिल्म "भीम चिंताराम"

**रायपुर,4 नवंबर।** अमेरिका में 2 नवंबर को आयोजित प्रतिष्ठित अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में छत्तीसगढ़ की फिल्म "भीम चिंताराम" ने भारत का मान बढ़ाया है. इस अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए दुनियाभर के 154 देशों से कुल 2,974 फिल्मों की प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जिनमें से केवल चुनिंदा फिल्मों का चयन किया गया था. बता दें कि एस. अंशु धुरंधर द्वारा निर्देशित यह डॉक्यूमेंट्री फिल्म राज्य के समाजसेवी व जननायक दाऊ चिंताराम टिकरिहा के जीवन पर आधारित है. इस फिल्म के निर्माण में तीन वर्षों का गहन अनुसंधान और 245 लोगों के साक्षात्कार शामिल हैं. लगभग पांच चरणों की कठोर चयन प्रक्रिया के बाद भारत की आठ फिल्मों को इसमें स्थान मिला और इन्हीं में छत्तीसगढ़ की "भीम चिंताराम" फिल्म भी शामिल है.




**संस्कारों के महत्व को समझाने का एक प्रयास-** अंतरराष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की यह प्रस्तुति राज्य के लिए गौरव का क्षण साबित हुई है. इसका प्रदर्शन 2 नवंबर को स्टेटन आइलैंड, न्यूयॉर्क स्थित सेंटर ऑफ द आर्ट प्रमोमिंग आर्ट थिएटर में किया गया था. दाऊ चिंताराम टिकरिहा पर एक फिल्म बनी है. इस फिल्म में उनकी जीवनी के जरिए शरीर के लिए कसरत की तरह समाज में संस्कारों के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया है. इसी के साथ उनकी जीवनी पर आधारित एक पुस्तक भी लिखी गई है.

## कवर्धा में राज्योत्सव के दौरान बवाल

**कवर्धा,4 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा में राज्योत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन भारी हंगामा देखने को मिला। पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और कवर्धा थाना सीटी कोतवाली प्रभारी योगेश कश्यप के बीच तीखी झड़प हो गई। दोनों पक्षों के बीच न केवल गाली-गलौच हुई, बल्कि स्थिति हाथापाई तक पहुंच गई। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल फुटेज में कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी भी मौके पर मौजूद नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान किसी मुद्दे पर पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो धीरे-धीरे विवाद में बदल गई। अब तक न तो पुलिस विभाग की ओर से कोई बयान आया है और न ही भाजपा की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राज्योत्सव जैसे बड़े सरकारी आयोजन में इस तरह का बवाल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। सूत्रों के मुताबिक, मामला संवेदनशील होने के कारण पुलिस अभी जांच में जुटी है। वहीं, विपक्ष का आरोप है कि सरकार के दबाव में पुलिस मामले को दबाने की कोशिश कर रही है।

## जूनियर को धमकाने पर 25 मेडिकल छात्र हॉस्टल से निष्कासित

**बिलासपुर,4 नवंबर।** सिम्स मेडिकल कॉलेज में आए दिन अनुशासनहीनता करने वाले छात्रों को हॉस्टल से निष्काषित किया गया है। सिम्स में जूनियर को धमकाने और प्रताड़ित करने के मामले में 25 छात्रों पर निष्कासन की कार्रवाई की गई है। जूनियर छात्रों की शिकायत पर डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने एक्शन लिया है। छात्रों की शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए 21 अक्टूबर को छात्रावास प्रबंधन समिति की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में माना कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो बड़ी घटना हो सकती है। इसके बाद 25 छात्रों को अलग-अलग अवधि के लिए निष्कासित किया गया है। ये सभी स्टूडेंट्स एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के हैं। जिन्हें हास्टल से 3 व 6 माह के लिए निष्कासित कर दिया है। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) के छात्रावास प्रबंधन समिति ने एमबीबीएस द्वितीय वर्ष बैच 2024 के छात्रों को छात्रावास नियमों के उल्लघंन व अनुशासनहीनता के लिए निष्कासित कर दिया है। इसमें पहली बार के साथ ही दूसरी बार भी अनुशासनहीनता में संलिप्ता पाने पर कार्रवाई की गई है। समिति ने छात्रों के कृत्यों को गंभीरता से लिया है। बताया जा रहा है कि दीपावली त्योहर और उससे पहले छात्रों के द्वारा छात्रावास परिसर में हंगामा किया गया है, वहीं कई छात्र नियमों को अनदेखा कर प्रबंधन को कड़ी चुनौती दे रहे थे। जिस पर प्रबंधन का रवैया सामने आया है। खास बात यह है कि एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के छात्र प्रखर प्रताप सिंह राठौर का बार-बार हिदायत देने के बाद भी रवैये में बदलाव नहीं होने व रात में हास्टल में हंगामा मचाने के मामले में प्रबंधन ने कड़ा रूख लेते हुए छात्र को 1 साल के लिए हास्टल से बाहर का रास्ता दिखाया है। साथ ही हिदायत जारी करते हुए डीन से कहा कि इस तरह के कृत्यों की पुनरावृत्ति 'होने पर छात्रों को पूर्ण रूप से हास्टल से बेदखल किया जा सकता है।

छात्र लोकेश ठाकुर, वेदांत सिंह, तिलक साहू, प्रामिश लकड़ा, श्रेयांश सिंह ठाकुर, संकेत सलारिया, नील भोमिया, कमलेश पटेल, पेकितो शू, शुभम पटेल, शुभम पवार, शरद अग्रवाल, रमेश प्रजापति, जलदीप, गौरव मिश्रा, जयदेव डहरिया, प्रतीक बघेल, सतीश गुप्ता को 3 माह के लिए हास्टल से बेदखल किया गया है। इसके साथ ही आकर्ष सिन्हा, आदिम सिद्धिकी, आकाश राज सिंह, अजय यादव, संस्कार देवांगन, परमानंद कमल रवि को 6 माह के लिए निष्कासन की सजा दी है।

### नक्सलियों की हथियार फैक्ट्री ध्वस्त

**सुकमा,4 नवंबर।** एसपी किरण चव्हाण एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जिला पुलिस व विशेष टीमों द्वारा चलाये जा रहे समन्वित एंटी-नक्सल अभियानों के क्रम में जिला सुकमा डीआरजी टीम ने प्राप्त सटीक खुफिया सूचना के आधार पर गोमगुड़ा इलाके के घने जंगल क्षेत्र में स्थित एक अवैध हथियार-निर्माण (ऑर्डिनेंस) फैक्ट्री का सफलतापूर्वक पता लगा कर उसे ध्वस्त किया। प्रारम्भिक जांच से प्रतीत होता है कि यह फैक्ट्री क्षेत्र में सशस्त्र गतिविधियों व हथियारों के निर्माण के लिए संचालित की जा रही थी.

## ढलान पर चढ़ते समय बस खाई में गिरी, 3 की मौत



**इंदौर,4 नवंबर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में बीती रात एक बड़ा हादसा हो गया। यहां यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। वहीं, बड़ी संख्या में लोग घायल बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस हादसे पर दुख जताया है और मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे का भी ऐलान किया। जानकारी के अनुसार यह हादसा सिमरोल थाना क्षेत्र के भेरू घाट इलाके में हुआ। ढलान वाली सड़क पर चढ़ते हुए बस ने नियंत्रण खो दिया और गहरी खाई में जा गिरी। जिस वक्त ये हादसा हुआ बस में कई यात्री सवार थे। जिला प्रशासन के अनुसार, दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। मृतकों में दो महिलाएं शामिल बताई जा रही हैं। हादसे के बाद 9 लोगों को इंदौर के एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। लगभग 30 यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं।

## भारत को सुरक्षा परिषद में शामिल नहीं किया तो कमजोर होता रहेगा यूएन

**नई दिल्ली,4 नवंबर।** फिनलैंड के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर स्टब ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को शामिल किए जाने की वकालत की है। साथ ही उन्होंने चेताया है कि अगर भारत को शामिल नहीं किया गया, तो यूएन कमजोर होता रहेगा। उन्होंने कहा है कि वैश्विक स्थिरता और विकास में भारत की भूमिका बहुत अहम है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर का भी जिक्र किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, स्टब ने कहा, 'मैं भारत का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं और मुझे लगता है कि और अमेरिका और चीन के साथ भारत हमारा अगला सुपरपॉवर होगा। प्रधानमंत्री मोदी हों या विदेश मंत्री जयशंकर, भारत जो अभी कर रहा है उससे रणनीतिक सोच झलकती है, जिससे दुनियाभर में सम्मान मिलता है।' उन्होंने कहा, 'मैंने महासभा में दो बार यह बात कही है। मैं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार चाहता हूं। इसकी सदस्यता कम से कम दोगुनी होनी चाहिए। यह गलत है कि भारत जैसे देश सुरक्षा परिषद में नहीं हैं।' उन्होंने सुझाव दिया है कि लैटिन अमेरिका से एक, अफ्रीका से दो और एशिया से दो सदस्यों को शामिल करना चाहिए। स्टब ने कहा, 'अगर भारत जैसे खिलाड़ियों को लगेगा कि वह खेल में नहीं हैं, तो संस्थान ऐसे ही कमजोर होता रहेगा।' उन्होंने भारत को वैश्विक विकास में जरूरी बताया है। उन्होंने कहा, 'भारत जो करता है, वह दुनिया के लिए जरूरी है।' उन्होंने आगे कहा कि अंतराष्ट्रीय व्यवस्था को आकार देने में फिनलैंड भारत को एक अहम साझेदार के रूप में देखता है।उन्होंने यह भी कहा कि वह मल्टीलेटरलिज्म में भरोसा करते हैं और इसे काम करने के लिए भारत का सिस्टम में बाहर से नहीं, बल्कि अंदर शामिल होना जरूरी है। मल्टीलेटरलिज्म का मतलब उस सिद्धांत से है, जहां तीन से ज्यादा देश एक साझा मकसद को हासिल करने के लिए आपसी सहयोग से काम करते हैं।

### राज्योत्सव रजत जयंती के दूसरे दिन छाया छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत का जादू

# प्रसिद्ध गायक अनुराग शर्मा ने मधुर अवाज से मोहा दर्शकों का मन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 4 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव रजत जयंती समारोह के दूसरे दिन का सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम संगीत और लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर रहा। जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित आचार्य पंथ गृथमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक अनुराग शर्मा ने अपनी मधुर और ऊर्जावान प्रस्तुति से पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। उनकी एक के बाद एक सुरीली प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अनुराग शर्मा ने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, परंपरा और आधुनिक संगीत का अनोखा संगम पेश करते हुए कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। जैसे ही उन्होंने अपने प्रसिद्ध गीतों की श्रृंखला शुरू की, मैदान में मौजूद दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह के साथ झूम उठे। हर गीत के साथ दर्शकों के उमंग और उत्साह में नई ऊर्जा का संचार होता गया। अनुराग शर्मा ने अपने सुरीले स्वर और मधुर धुनों से ऐसा वातावरण बनाया कि दर्शक देर रात तक झूमते रहे।

श्री अनुराग शर्मा का संगीत छत्तीसगढ़ी लोक संगीत में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उनके द्वारा गाए गए लोकप्रिय गीत जैसे गीत कोनों गांहू गोरी, तोर सुरता मा, मेरा भोला है भंडारी और जय जय जय बजरंगबली ने न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। इन गीतों में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, लोककला और जीवनशैली की सजीव झलक मिलती है। उनकी आवाज़ की सहजता, मिठास और भावनात्मक गहराई हर आयु वर्ग के श्रोताओं को अपनी ओर आकर्षित करती है। राज्योत्सव की इस संध्या में जब शर्मा ने मंच संभाला, तो पूरा मैदान तालियों की गूंज से भर गया। जैसे-जैसे उन्होंने एक के बाद एक गीत प्रस्तुत किए, दर्शक मंत्रमुग्ध होकर थिरकते और झूमते नज़र आए। उनकी गायकी ने लोकसंगीत की आत्मा को आधुनिक संगीत के साथ जोड़ते हुए एक अनोखा संगम रचा।

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ी लोकगीतों के साथ-साथ हिंदी फिल्मों के लोकप्रिय गीतों की भी मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। उनकी आवाज़ में छत्तीसगढ़ की मिट्टी की महक और लोक धुनों की मिठास झलक रही थी। दर्शकों ने मोबाइल की रोशनी में तालमेल बिठाकर वातावरण को उत्सवमय बना दिया। राज्योत्सव की इस संगीतमय संध्या में नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश चंद्रवंशी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी सहित जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि, नगरवासी एवं बड़ी संख्या में युवक-युवतियाँ उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति और संगीत परंपरा को आगे बढ़ाने का एक सुंदर प्रयास भी हैं। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में संगीत के साथ लोककला, नृत्य और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। राज्योत्सव की इस संध्या ने कवर्धा के लोगों को एक बार फिर यह एहसास दिलाया कि छत्तीसगढ़ सिर्फ धान का कटोरा नहीं, बल्कि संगीत, संस्कृति और परंपरा का भी अनुपम संगम है।

**पारंपरिक बांसगीत की प्रस्तुति से मंच पर छत्तीसगढ़ का समृद्ध विरासत हुआ जीवंत :** यादव समाज का पारंपरिक बांस गीत जो अब बहुधा सुनाई नहीं देता है उसकी जीवंत प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों ने राज्योत्सव के मंच पर दी। जय बाबा भोरमदेव बास गीत पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ कलाकारों की संगत से श्रोताओं को पीढ़ियों से चले आ रहे कला रूप को सुनने और जानने का मौका मिला।

**नरसिंह अवतार की नृत्यनाटिका ने दर्शकों को किया रोमांचित :** राज्योत्सव के दूसरे दिन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा नरसिंह अवतार की रोमांचक प्रस्तुति दी। नरसिंह अवतार धर्म और न्याय का प्रतीक है और माना जाता है। भगवान विष्णु ने अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा करने और अहंकारी दैत्य हिरण्यकशिपु का वध करने के लिए यह अवतार लिया था। कलाकारों ने इस पूरे प्रसंग को मंच पर अपने नृत्य और अभिनय कौशल से शानदार तरीके से प्रदर्शित किया। गीत संगीत से सजे इस कार्यक्रम ने दर्शकों मंत्रमुग्ध कर दिया।

### पियर पियर तोर जावरा और गौरा-गौरी से भक्ति व लोक संस्कृति में डूबा राज्योत्सव

राज्योत्सव के दूसरे दिन बोड़ला के लोक कलाकार चुम्मन साहू ने भावपूर्ण जस गीत पियर पियर तोर जावरा और गौर-गौरी गीत की प्रस्तुति देकर मंच को भक्ति और लोक रंग से भर दिया। उनकी मधुर आवाज़ में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, आस्था और परंपरा की गूंज सुनाई दी। दर्शक गीतों की लय और भाव में ऐसे खो गए कि पूरा परिसर श्रद्धा और भक्ति के वातावरण से गूंज उठा।

### सरगम टीचर्स ग्रुप महेश सिंह ठाकुर एवं साथी की फिल्मी गीतों ने बांधा समां

राज्योत्सव के दूसरे दिन सरगम टीचर्स ग्रुप के महेश सिंह ठाकुर एवं साथियों ने अपनी मधुर आवाज़ से माहौल को संगीत के रंगों में रंग दिया। मेरी जिंदगानी है मेरी महबूबा, जाने जा ढूंढता फिर रहा जैसे मशहूर गीतों की प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। उनकी मधुर आवाज़ और सजीव प्रस्तुति ने श्रोताओं के मन को उस दौर में पहुँचा दिया जहाँ गीत सिर्फ सुने नहीं जाते, महसूस किए जाते हैं।

## समाचार संक्षेप

### राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में छत्तीसगढ़ टीम का शानदार प्रदर्शन, पहले ही दिन 4 पदक जीते



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 नवंबर।** हिमाचल प्रदेश में चल रही फेडरेशन कप राष्ट्रीय (बालक व बालिका) पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के पहले ही दिन छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल चार पदक (दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य) अपने नाम किए। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 2 से 6 नवंबर 2025 तक चलेगी। छत्तीसगढ़ टीम के पदक विजेता खिलाड़ियों ने राज्य और अपने शहरों का नाम रोशन किया ! नासिर हुसैन (रायपुर) 66 किग्रा वर्ग, स्वर्ण पदक. जयदीप साहू, (भिलाई) 66 किग्रा, रजत पदक. प्रियांक मिश्रा (बिलासपुर) 93 किग्रा, स्वर्ण पदक. अमान शुक्ला (भिलाई), 120 किग्रा, कांस्य पदक. छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कृष्णा साहू ने बताया कि पहले दिन ही टीम की यह उपलब्धि अत्यंत शानदार रही है।

उन्होंने आगे जानकारी दी कि हैवी वेट वर्ग के प्रमुख खिलाड़ी आसिफ़ अली की प्रतियोगिता 5 नवंबर को होनी है, और टीम को उनसे भी पदक जीतने की पूरी उम्मीद है। साहू ने सभी पदक विजेताओं को छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में भी छत्तीसगढ़ टीम का बेहतरीन प्रदर्शन जारी रहेगा।

## एक नजर

### चाकू दिखाकर लोगों को डरा रहा युवक गिरफ्तार

**दुर्ग, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिटी कोतवाली पुलिस ने धारदार



चाकू दिखाकर लोगों को डरा धमका ने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू जब्त किया गया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि नदी रोड दुर्ग के पास एक व्यक्ति चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है सूचना पर दुर्ग पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा पूछताछ करने पर अपना नाम कृष्ण सेन (19 साल ) डिपरा पारा का रहने वाला बताया

### छेड़खानी करने वाले दो युवा चढ़े पुलिस के हत्थे



**भिलाई, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छेड़खानी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि सेक्टर -9 भिलाई मेडिकल से दवाई लेकर अपनी एक्टिवा से घर जा रही युवती को चौक के पास दो युवक बाइक सीजी 07 सीएल 4907 में पीछा करने लगे उनसे बचने के लिए युवती ने गली में एक्टिवा को मोड़ दी तब दोनों युवक अपनी बाइक को युवती के वाहन के सामने खड़ी कर उसे गाली गलौज कर हाथ पकड़ कर जबरदस्ती अपने बाइख में बैठाने लगे छेड़खानी का विरोध करने पर अरोपियों ने युवती का बाल खींच कर मारपीट भी किया युवती के चिल्लाने पर आसपास के लोग आए तब दोनों युवक फरार हो गए पकड़े जाने के बाद युवकों से पूछताछ करने पर सेक्टर -9 भिलाई निवासी चन्द्रमणी ताण्डी, सेक्टर-7 अनुराग कुम्हार बताया है आरोपियों द्वारा युवती का रास्ता रोक कर बेइज्जत करने के नियत से उसके साथ घटना करना स्वीकार किया।

### कर्ज से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भिलाई, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भिलाई पाटन थाना क्षेत्र के कंडरा



पारा में कर्ज से परेशान एक युवक ने सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है पाटन पुलिस ने बताया कि कंडरा पारा में रहने वाले अनिल मरकाम (28 साल) ने फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक रायपुर में रहकर काम करता था। पिछले कुछ दिन पहले अपने घर आया था तभी से परेशान चल रहा था लेकिन अपनी परेशानी के बारे में परिवार के लोगों से कभी चर्चा नहीं की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के कमरे में छानबीन की तो मृतक अनिल के पास से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या करना लिखा था हालांकि सुसाइड में इस बात का जिक्र नहीं है कि उसने किससे और कितना कर्ज ले रखा था इधर पाटन थाना अंतर्गत रहने वाले दीपक शर्मा ने घर में फंसी लगाकर सुसाइड कर लिया।

# आयुक्त ने जोन के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 4 नवंबर।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने नगर निगम के जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर अंतर्गत रोड निर्माण, नाली, सफाई, सिवरेज लाइन, सड़कों की सफाई, उद्यान, अटल परिसर सहित तारामण्डल उद्यान का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत द्वारा नेहरू नगर के शिवाजी चौक समीपस्थ रोड, नाली सफाई एवं सिवरेज का निरीक्षण किया गया। सिवरेज का पानी सड़क में बह रहा था, जिसे तत्काल सफाई कराने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है। साथ ही सिवरेज हेतु बनाये गये चेंबर का ढ़क्कन टूटकर गिरा हुआ था, दुर्घटना की संभावना को देखते हुए ढ़क्कन लगाने निर्देशित किये। आगामी समय में इस रोड का निर्माण किया जाना है ।

शहस्त्रबाहु उद्यान को संस्था द्वारा स्वयं के रखरखाव हेतु दिया गया है, संबंधित संस्था को उद्यान के घास कटिंग एवं सफाई व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किया गया है। बख्शी उद्यान में स्थापित झूला टूट गया है, जिसका संधारण कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये। उद्यान में उपस्थित महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं से रोपित पौधों एवं उद्यान के सम्बन्ध में चर्चा किये। जर्जर सड़कों के मरम्मत एवं साफ सफाई का अवलोकन किये।

तारामण्डल उद्यान में शासन के मंशानुसार अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है, बिना विलम्ब के कार्य शीध्र पूर्ण करने एजेंसी को निर्देशित किया गया है। निर्माण कार्य लगभग अंतिम स्थिति में है । साथ ही तारामंडल एवं उद्यान के रखरखाव एवं संचालन हेतु रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण हेतु सहायक अभियंता एफएल साहू को निर्देशित किया गया है। प्रियदर्शनी परिसर रेलवे ट्रैक के किनारे रोड का निर्माण किया जाना है जिसका निरीक्षण निगम आयुक्त द्वारा किया गया है। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, रीमा जामुलकर, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी उपस्थित रहे।

### कूटरचित दस्तावेज बनाकर धोखाधड़ी करने वाले गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 नवंबर।** षडयंत्र पूर्वक कुटरचित दस्तावेज से आम मुख्यतयारनामा तैयार कर लाखों की जमीन को इकरारनामा के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि थाना कोतवाली दुर्ग में प्रार्थी पुसऊराम साहू ग्राम पतोरा थाना उतई ने एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया।

प्रार्थी एवं प्रार्थी की मां स्व. सूरजाबाई साहू के नाम पर संयुक्त रुप से भूमि स्वामित्व में मौजा ग्राम. पतोरा तहसील पाटन जिला दुर्ग में भू.अभिलेख में दर्ज रहा है उपरोक्त भूमि को प्रार्थी का पुत्र रुपेश कुमार साहू पर दबाव बनाकर अनुचित लाभ उठाते हुए भूनेश्वर साहू, देवादास मानिकपुरी, पूरन लाल साहू एवं अन्य साथियों के द्वारा लाखों रुपये के भूमि हड़पने के लिए एक कूटरचित आम मुख्त्यारनामा उप. पंजीयक कार्यालय दुर्ग में निष्पादित कराया। उपरोक्त आम मुख्त्यारनामा भू.अभिलेख के स्वामी प्रार्थी व प्रार्थी की मां की अनुपस्थिति में बिना जानकारी व सहमती के इसके व उसकी मां की जगह अन्य व्यक्तियों को उपस्थित कराकर निष्पादित कराया गया उपरोक्त दस्तावेज में इसके व उसकी मां के हस्ताक्षर अंगूठा निशान नहीं है अन्य व्यक्तियों के द्वारा हस्ताक्षर अंगूठा निशान के द्वारा उपरोक्त कुटरचित दस्तावेज का निष्पादन किया गया है उपरोक्त कूटरचित इकरारनामा उप. पंजीयक कार्यालय दुर्ग द्वारा निष्पादित किया गया।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली दुर्ग पुलिस ने मामले में धारा 420, 423, 467, 468, 470, 471, 129 बी, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया प्रकरण में आरोपी भुनेश्वर साहू निवासी पतोरा, देवादास मानिकपुरी निवासी अचानकपुर, पूरन लाल साहू निवासी अचानकपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपिया ने अपने अन्य साथियों के साथ षड़यंत्र पूर्वक कूटरचित दस्तावेज से आम मुख्यतयारनामा तैयार इकरारनामा के माध्यम से धोखाधड़ी करना स्वीकार किया।

### पीएम आवास के हितग्राहियों को आबंटित किये गए मकान

**भिलाई, 4 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पालिक निगम भिलाई सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं अधीक्षण




अभियंता अजीत तिग्गा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना के 11 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से मकान आबंटित किया गया। नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानों का मुख्य कार्यालय सभागार में खुली लाटरी आयोजित की गई। हितग्राहियों द्वारा पूर्व में मकान हेतु आवेदन योजना शाखा के काउंटर में जमा किया गया था। उनका दस्तावेज परीक्षण कर सक्षम स्वीकृति मिलने उपरांत हितग्राहियों से मकान का 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कराया गया । बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान राशि 75000 रूपये निगम कोष में जमा कराकर नियमानुसार लाटरी निकाला गया। लाटरी में वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर भूतल के आवासों तथा सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को भूतल से निर्मित आवासों के साथ अन्य तल (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) के आवासों को सम्मिलित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो को वंदे मातरम कुरूद भिलाई से 1 हितग्राही एवं सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया से 10 हितग्राहियों को लाटरी निकालकर मकान आबंटित किया गया है। लाटरी के दौरान कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, पार्षद सत्या देवी जायसवाल, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, सी एल टी सी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह, थलेश्वर जोशी, जी मोहन राव, महेत्तर सोनी, जागेश्वर साहू उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास से मनाया गया आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 नवंबर।** आंध्र स्वाभिमान स्टेशन भिलाई द्वारा विवेकानंद पार्क, सेक्टर-1 में आंध्र प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, छत्तीसगढ़ महतारी और तेलुगू तल्ली के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मां भारती की वंदना के पश्चात आकर्षक भरतनाट्यम प्रस्तुति के माध्यम से देवी-देवताओं की स्तुति कर कलाकारों ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ए. दुर्योधन राव ने की। उन्होंने संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष के. उमाशंकर राव को संयोजक एवं मीडिया प्रभारी, वी. सुर्यनारायण और डी. नारायण को सलाहकार नियुक्त किया गया।

एस. जानकी राव को उपाध्यक्ष, ए. जगन्नाथ को सहसचिव तथा वाई. कृष्णा राव, एल. तिरुपति, के. केशव राव, के. श्रीनिवासुलु, सी. एच. नागराजू, के. तिरुपति राव एवं के. आनंद राव को कार्यकारिणी सदस्य की शपथ दिलाकर प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। के. कृष्णा मूर्ति के परिवार की चार पुत्रियों एवं पुत्र के डॉक्टर बनने पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। के. ज्ञानेश्वरी एवं के. चैतन्य साई को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन हेतु मोमेंटो प्रदान किया गया। खेल क्षेत्र में के. चिरंजीवी (एथलेटिक्स) और मूगी शुभम (सॉफ्टबॉल) को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत कुमारी टी. पावनी की भरतनाट्यम प्रस्तुति से हुई। गीत-संगीत कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध गीतकार आर. जानकी रामय्या के नेतृत्व में हुआ, जिसमें एम. धर्मा राव और उनकी धर्मपत्नी ने युगल गीत प्रस्तुत किए। इसके अलावा ए. वल्लभ राव, एम. वेंकट राव, एम. ईश्वर राव, वी. सुर्यनारायण, बेबी निशिता शुक्ला और डी. राजू ने मनमोहक गीतों से वातावरण को संगीतमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव के. प्रसाद राव ने किया तथा आभार प्रदर्शन पी. जगदीश राव ने किया। समाज के वरिष्ठ जनों, महिलाओं एवं युवाओं की सक्रिय उपस्थिति से कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।

### हर बुधवार को वार्डों में लगेगा शिविर

# टैक्स नहीं पटाने पर कटेगा नल कनेक्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली, 4 नवम्बर।** नगर पालिक निगम रिसाली अब टैक्स वसूली करने वार्डो तक पहुंचेगा कर्मचारी अलग-अलग वार्डो में शिविर लगायेंगे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने शिविर पुरैना के तीनों वार्डो में लगा कर शुरूआत करने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि टैक्स वसूली और निगम को अपना आय बढ़ाने शासन लगातार दिशा निर्देश दे रही है। इसी परिपेक्ष्य में रिसाली निगम वसूली लक्ष्य को पूरा करने वार्डो में शिविर लगा रही है। इस माह के प्रथम बुधवार को वार्ड 38 स्टोर पारा पुरैना के शिव मंदिर मंच, वार्ड 39 एनएसपीसीएल पुरैना के जगदम्बा चैक और वार्ड 40 पुरैना बस्ती के सामुदायिक भवन में शिविर लगाया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से लेकर शाम 04 बजे तक लगाया जाएगा।




इसी तरह 12 नम्बर को वार्ड 35 डुण्डेरा पश्चिम सुभाष चैक, वार्ड 36 डुण्डेरा पूर्व दशहरा मैदान मंच, वार्ड 37 जोरातराई बागपारा मंच, 19 नम्बर को वार्ड 32 नेवई भाठा के दुर्गा मंच मैदान, वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व के सरकारी स्कूल के सामने, वार्ड 34 नेवई बस्ती दशहरा मैदान मंच, 26 नम्बर को वार्ड 13 टंकी मरोदा शीतला कल्याणी मंदिर, वार्ड 14 शीतला कल्याणी मंदिर मरोदा, वार्ड 15 मौहारी भाठा हमर क्लीनीक के सामने, 03 दिसम्बर को वार्ड 16 बीआरपी कालोनी पार्षद ऑफिस के पास, वार्ड 17 शिव पारा स्टेशन मरोदा शीतला मंदिर तालाब के पास, वार्ड 18 एचएससीएल कालोनी दुर्गा मंच के पास, 10 दिसम्बर वार्ड 19 विजय चैक पटेल पारा मंच के पास, वार्ड 20 शंकर पारा में चैपाटी के पास, वार्ड 21 सूर्या नगर स्टेशन मरोदा में पार्षद कार्यालय के पास, 17 दिसम्बर को वार्ड 01 तालपुरी में क्लब हाऊस बी ब्लाक, वार्ड 02 रूआबांधा उत्तर दशहरा मैदान, वार्ड 03 रूआबांधा दक्षिण यादव चैक वार्ड कार्यालय में, वार्ड 04 रूआबांधा पूर्व उप स्वास्थ्य केन्द्र के पास, 24 दिसम्बर को वार्ड 22 मैत्रीकुंज में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, वार्ड 23 प्रगतिनगर में परमेश्वरी भवन, वार्ड 24 आजाद मार्केट में क्रास स्ट्रीट जैन भवन में शिविर लगाया जाएगा, 31 दिसम्बर को वार्ड 25 आशीष नगर एवं वार्ड 26 अवधपूरी रिसाली के टंकी ऑफिस कार्यालय में शिवर लगाया जाएगा वहीं वार्ड 27 मैत्रीनगर रिसाली का शिविर हनुमान मंदिर मैत्रीनगर में लगाया जाएगा। शिविर का समापन 07 जनवरी 2026 को होगा। इस दिन शिविर वार्ड 28 सक्तिविहार स्थित हनुमान मंदिर वार्ड 29 लक्ष्मी नगर दुर्गा मंच रिसाली भाठा, वार्ड 30 इस्पात नगर रिसाली गणेश पंडाल, वार्ड 31 शहीद किरण देशमुख वार्ड शिविर सब्जी मार्केट में लगाया जाएगा।

#### टैक्स जमा करने वालों के लिए आईडी बनाएं

आयुक्त मोनिका वर्मा ने शिविर में नए टैक्स जमा करने वालों के लिए आई. डी. बनाने के निर्देश दिए है। वहीं लम्बे समय से टैक्स जमा नहीं करने वालें के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए है। आयुक्त ने टैक्स जमा नहीं करने वाले के खिलाफ नल विच्छेदन की कार्यवाही करने कहा है।

### राजहरा माइंस अस्पताल में शिविर का आयोजन कर किया उपचार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 नवंबर!** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस चिकित्सालय में 17वां निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर ने इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर हेतु संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग की टीम का नेतृत्व किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. चंदन दास कार्डियोलॉजी, डॉ. पी. मर्सी चर्म रोग, डॉ. इमैनुएल मैसी अस्थि रोग, डॉ. अमित अग्रवाल पेन मैनेजमेंट क्लिनिक, डॉ. अश्विन जायसवाल ईएनटी, डॉ. कौशिक किशोर पीडियाट्रिक्स, डॉ. प्रभदीप कौर प्रसूति एवं स्त्री रोग, डॉ. राजेश्वर राव जनरल सर्जरी, डॉ. सुलभ साहू नेत्र रोग, सुषमा रोकड़े जूनियर मैनेजर, जया भास्कर फिजियोथेरेपी, डीएनबी डॉ. रेहान अस्थि रोग, डीएनबी डॉ. सुनील सिसोदिया मेडिसिन, डीएनबी डॉ. श्रद्धा ओ एंड जी, डीएनबी डॉ. सृष्टि नेत्र रोग, डीएनबी डॉ. अग्नि सिंह ईएनटी तथा कलोल जूनियर एमटी सहित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र, सेक्टर-9, भिलाई के सहायक अधिकारियों एवं कार्मिकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इसके अतिरिक्त राजहरा मेडिकल चिकित्सालय के सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रभारी डॉ मनोज डहरवाल तथा राजहरा माइंस अस्पताल की टीम भी उपस्थित थी, जिन्होंने शिविर के सफल आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मरीजों को विभिन्न बीमारियों और चिकित्सा-स्वास्थ्य समस्याओं के लिए परामर्श, नैदानिक परीक्षण और उपचार प्रदान किए गए। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने पुरे दिन स्थानीय समुदाय को आवश्यक चिकित्सकीय सेवा प्रदान करने का समग्र प्रयास किया। साथ ही स्वास्थ्य सम्बन्धी सत्र भी आयोजित किए गए, जहां मरीजों को विभिन्न निवारक उपायों और जीवन शैली अपनाने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस चिकित्सालय में एक दिवसीय निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन में राजहरा माइंस अस्पताल के कर्मचारियों के सहयोग से किया गया।

# विकास की तेज रफ़्तार से आने वाले समय में जिले की तस्वीर बदलेगी:प्रभारी मंत्री

**बलौदाबाजार, 4 नवम्बर।** जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रविवार को ग्राम खटियापाटी में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में 2 करोड़ 67 लाख 91 हजार रुपये की लागत से निर्मित वृहद पुल का लोकार्पण एवं 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन किया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत विकासखण्ड बलौदाबाजार के बिटकुली-खटियापाटी-सुढेला-जुड़ा मार्ग के आरडी-2600 मी.पर मल्हीन नाला में निर्मित 75 मीटर लंबी वृहद पुल के बन जाने से खटियापाटी, सुढ़ेला, पैजनी, जुड़ा, बरदा एवं चिचिरदा के ग्रामीणों को सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि 25 साल का नया छत्तीसगढ़ अपने नये आयाम को साबित कर रहा है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु



देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के पथ पर अग्रसर हैं। हर तरफ विकास की गंगा बह रही हैं।उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार- भाटापारा जिला अनेक विभूतियो, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का धरोहर है वहीं खनिज सम्पदा से भरपूर है। औद्योगिक हब के रूप में विकसित हो रहा है। विकास कार्यों से आने वाले समय में जिले की तस्वीर बदलेगी।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण कर हमारे जीवन में परिवर्तन लाया है। उन्होंने गांवो में शासकीय भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण पर चिंता जाहिर करते हुए स्कूल, श्मशान घाट एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों को संरक्षित करने के लिये बाउंड्रीवाल बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, डॉ सनम जांगड़े ने भी सम्बोधित किया।

करोडो के विकास कार्यों की मिली सौगात- इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर लगभग एक करोड़ 62 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने ग्राम खटियापाटी में तालाब सौन्दर्यीकरण हेतु 30 लाख, खटियापाटी में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन की स्वीकृति, श्मशान घाट में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 20 लाख, गोधाम सौन्दर्यीकरण हेतु 10 लाख, हायर सेकेण्डरी स्कूल बिटकुली में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 20 लाख,ग्राम पंचायत शुक्लाभाठा में सीसी रोड निर्माण हेतु 20 लाख, ग्राम पंचायत पनगांव, गिंदोला, सुढेला, जुडा में सीसी रोड निर्माण हेतु 10 -10 लाख,ग्राम पंचायत कोयदा, अहिल्दा, करदा में सांस्कृतिक भवन हेतु 2.5 -2.5 लाख, यादव समाज, साहु समाज एवं जनजाति समाज के सामजिक भवन हेतु 5-5 लाख देने की घोषणा की।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव,जिला पंचायत सदस्य सुश्री इंदु जांगड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### वित्तीय साक्षरता, डिजिटल लेनदेन की मिलेगी निःशुल्क जानकारी

# प्रभारी मंत्री ने जिला फाइनेंसियल लैब का किया उद्घाटन

**बलौदाबाजार, 4 नवम्बर।** वित्तीय साक्षरता बढ़ाने डिजिटल लेनदेन दक्षता एवं वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा नवचारी पहल के तहत जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में फाइनेंसियल लैब स्थापित किया गया है। जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रविवार को इस फाइनेंसियल लैब (अर्थशाला) का उद्घाटन किया।इस दौरान उन्होंने अर्थशाला के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने इस लैब को वित्तीय साक्षरता के लिये महत्वपूर्ण पहल बताया।इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा,कलेक्टर दीपक सोनी,पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, डॉ सनम जांगड़े, डीएफओ गणवीर धम्मशील सहित अन्य अधिकार उपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा पंडित चक्रपाणी शुक्ल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में अर्थशाला (फाइनेन्सियल लैब ) का निर्माण किया गया है। इस लैब के भू -तल में बैंकिंग जमा, ऋण, ईएमआई की गणना, क्रेडिट स्कोर, स्मार्ट एंड सेफ पेमेंट, एलआईसी की जानकारी, ?गेम्स में बिजनेस ओ पोलो, एकाटिंग



एडवेंचर्स, मार्चट्स एक्सीचेंज, प्रॉफिट -लॉस, रिस्क गॉर्ड आदि मनोरंजक गेम्स हैं।इसके साथ ही लक्ष्य कक्ष,ग्रुप्स एक्टिविटीज़, आईटीज़ लोंज, आकांक्षा कक्ष , उड़ान कक्ष है। प्रथम तल में शेयर मार्केट में ट्रेडिंग् की जानकारी, कम्प्यूटर सिस्टम, लाइब्रेरी आदि की सुविधा हैं।फाइनेन्सियल लैब में वित्तीय साक्षरता बढ़ाने और डिजिटल युग में धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने में मदद करेगी। यहां लोगों को वित्तीय साक्षरता, निवेश जोखिम, लेनदेन में सावधानी आदि की जानकारी निःशुल्क मिलेगी। गौरतलब है कि वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए फाइनेंशियल लैब की स्थापना एक अत्यधिक प्रभावी तरीका है। यह लोगों को व्यावहारिक और अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करता है।फाइनेंशियल लैब एक ऐसा समर्पित स्थान या प्लेटफॉर्म है जो छात्रों, निवेशकों या आम जनता को वास्तविक जीवन के वित्तीय परिदृश्यों और उपकरणों के साथ अभ्यास करने का अवसर देता है।यह बजट बनाने, बचत करने, बीमा लेने और निवेश करने के बारे में सूचित और विचारशील निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ावा देता है।

### छायाचित्र प्रदर्शनी ने लोगों को किया आकृष्ट,कैबिनेट मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों ने किया अवलोकन

छतीसगढ़ रजत जयंती राज्योत्सव का तीन दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन 2 से 4 नवंबर 2025 तक पंडित चकरपाणी शुक्ल शासकीय हाई स्कूल मैदान में किया जा रहा हैं। इस अवसर पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा 25 वर्षो की उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई हैं। राज्योत्सव में आने वाले लोग छायाचित्र प्रदर्शनी की ओर बरबस ही खींचे चले आते हैं और शौक से फोटो भी खिचवाते हैं। राज्योत्सव के शुभारम्भ अवसर पर जिले के प्रभारी व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं सामूहिक फोटो भी खिचवाई। छायाचित्र प्रदर्शनी में 25वर्ष की प्रगति को आकर्षक ढंग ह्से प्रदर्शित किया गया हैं जिसमें किसानों का सम्मान, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, महिला सशक्ति करण, आवास और सामाजिक सुरक्षा,सुगम आवागन,शिक्षा, स्वास्थ्य,रोजगार, उद्योग, मोदी की गारंटी अंतर्गत 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति, कृषक उन्नति योजना, रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती, शक्ति पीठ परियोजना,तेन्दु पत्ता पारिश्रमिक दर वृद्धि, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, नई रेल लाईन, ई -बस सेवा, आदि शामिल हैं।

## एक नजर

### प्रकाश पर्व पर निकाली शोभायात्रा

सिमगा 4 नवंबर। सिमगा आज प्रकाश पर्व के मौके पर सुबह 4 बजे सिमगा के गुरु नानक दरबार से सिख समुदाय के बच्चे नव युवक व बुजुर्ग व महिलाएं सभी ने मिलकर नानक दरबार से 4 बजे सुबह बाजे गाजे के सात भजन कीर्तन करते शोभा यात्रा निकाल नगर के जय स्तम्भ चौंक से होते हुवे पुरे नगर में शोभा यात्रा को भ्रमण कराया व वापस नानक दरबार में पहुँच कर दिन भर भजन किया युवा सिख संगठन के श्री सुखबीर सिंह भाटिया ने कार्यक्रम के बारे में बताया 4 नवंबर शाम 5:00 निशान साहिब को नया चोला चढ़ाया जाएगा संध्या दीवान में रही राज साहब के पाठ के उपरांत बच्चों द्वारा कवि दरबार और स्त्रियों द्वारा सत्संग द्वारा कीर्तन गायन प्रस्तुत किया जाएगा दूसरे दिन 5 नवंबर को सुबह 10:00 सहज पाठ की समाप्ति उपरांत प्रसिद्ध रागी जथा भाई सुमित सिंह एवं भाई संदीप सिंह उना वाले द्वारा कीर्तन एवं गुरु विचार प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया जाएगा इसके पश्चात गुरु का अटूट लंगर वर्तिका शाम के दीवान में राजी सिंगर द्वारा कीर्तन गायन किया जाएगा इसके बाद लंगर और गुरुद्वारा परिसर में आतिशबाजी के वातावरण भक्ति में हो उठेगा और सभी लोंगो को प्रकास पर्व की बधाई दी।

### मतदाता सूची दुरुस्त करने एसआईआर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**डोंगरगढ़ 4 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में SIR विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है जिसको लेकर बीएलओ और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर ट्रेनरों के द्वारा दिशा निर्देश दिया गया। आपको बता दें कि 4 नवंबर से 10 दिसंबर तक बीएलओ और सुपरवाइजर घर घर जाकर फार्म भरवाकर जीवित व मृत मतदाताओं की जानकारी लेंगे। जिसमें सभी आम लोगों के लिए सूचना जारी की गई है कि सभी मतदाताओं को अपना परिगणना फॉर्म भरकर BLO को जमा करवाना होगा। फॉर्म जमा नहीं करवाने पर आपका नाम मतदाता सूची में नहीं आएगा। एसआईआर पुनः निरीक्षण अभियान का प्रमुख उद्देश्य है कि मृत व्यक्तियों के नाम हटाना। स्थायी रूप से निवास बदलने वालों का नाम हटाना। किसी मतदाता का दो स्थानों पर पंजीकरण हो उसे निरस्त करना।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में पायल साहू एवं साथी आज जमाएंगे रंग

बलौदाबाजार 4 नवंबर। छत्तीसगढ़ रजत जयंती राज्योत्सव अंतर्गत जिला स्तरीय राज्योत्सव के समापन समारोह में मंगलवार को सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों द्वारा रंगारंग सस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी।मशहूर कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। 4 नवम्बर 2025, मंगलवार (सायं 6 बजे से) चिन्हारी लोक मंजीरा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच सुश्री पायल साहू एवं साथी रंग जमाएंगे। इसके साथ ही सुर ओ चंदम आर्टिस्ट बैंड ग्रुप बलौदाबाजार लाइव म्युजिक कॉन्सर्ट (लोक एवं सूफी संगीत),कठपुतली एवं नाट्य कला मंच बिलासपुर की प्रस्तुति होगी। इसके साथ ही स्कूली विद्यार्थियों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी।

### एसआईआर प्रक्रिया में सहभागिता एवं सहयोग के लिए मतदाताओं से की अपील

**बलौदाबाजार, 4 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में सहभागिता एवं सहयोग हेतु जिले के मतदाताओं से अपील की है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोनी ने अपील में कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है जिसमें 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक जिले के 1014 बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर -घर सर्वे के दौरान गणना पत्रक का वितरण एवं भरे हुए गणना पत्रक कलेक्शन का कार्य किया जाएगा। मतदाता ऑनलाइन पोर्टल voters.eci. gov. in के माध्यम से भी अपना गणना प्रपत्र भर सकते हैं। गणना प्रपत्र के आधार पर प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसम्बर को किया।

### कलेक्टर ने राजनांदगांव क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन किया घोषित

**राजनांदगांव 4 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री जितेन्द्र यादव ने राजनांदगांव क्षेत्र को उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन के प्रवास को ध्यान में रखते हुए नो फ्लाईंग जोन घोषित किया है तथा ड्रोन जैसी उडने् वाली मशीनों को प्रतिबंधित किया है।

### चाकू से प्राणघातक वार करने वाला अपचारी बालक हिरासत में

**बलौदाबजार 4 नवंबर।** ग्राम चरौदा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह सुआ नाचा कार्यक्रम देखकर लगभग 12:00 बजे घर वापस आ रहा था, कि इसी बीच बोरिंग के पास इसके चाचा के पुत्र गुमान



जायसवाल को आरोपी अपचारी बालक द्वारा अचानक चाकू से वारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के पश्चात आरोपी अपचारी बालक वहां से फरार हो गया। आहत गुमान जायसवाल को गंभीर अवस्था में सर्वप्रथम पलारी, तत्पश्चात जिला अस्पताल बलौदाबाजार में इलाज कराने पश्चात, वर्तमान में चंदा देवी तिवारी अस्पताल बलौदाबाजार में भर्ती कराया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना गिधपुरी में अपराध क्रमांक 144/2025 धारा 109 बीएनएस, 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पुरानी रंजिश पर से चाकू निकाल कर गुमान जायसवाल के ऊपर प्राण घातक वार करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर देना स्वीकार किया गया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक चाकू जप्त किया गया है तथा आरोपी अपचारी बालक के विरुद्ध आज दिनांक 03.11.2025 को विधिवत करवाई किया गया है।

# गांजा तस्करी करते 3 व्यक्ति गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 4 नवंबर।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर श्री अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देश में नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान ''ऑपरेशन निश्चय'' के तहत मादक पदार्थो की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से उनकी खरीदी-बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू. सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। इसी तारतम्य में दिनांक 03.11.2025 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि पल्सर मोटर सायकल सवार 03 व्यक्ति अपने बैग में गांजा रखकर तिल्दा नेवरा क्षेत्र की ओर आ रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत कोहका आई टी आई रोड स्थित धान फड़ के सामने आरोपियों को पकड़ने हेतु नाकेबंदी पाईंट लगाया गया। इसी दौरान मुखबीर द्वारा बताये पल्सर मोटर सायकल में सवार 03 व्यक्तियों को आता देखकर रूकवाकर पूछताछ करने पर व्यक्तियों ने अपना नाम राजेश यादव, परमेश्वर सेन एवं हिरेन्द्र निषाद निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में अलग - अलग पैकेटों में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 10.629 किलोग्राम गांजा, पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सी जी 04 एम.डी. 3452, तथा घटना से संबंधित 02 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 2,10,000/- रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में अपराध क्रमांक 494/2025 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक रमाकांत तिवारी थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से प्रभारी निरीक्षक परेश पाण्डेय, उपनिरीक्षक सतीश पुरिया, सउनि. गेंदूराम नवरंग, प्र.आर. कृपासिंधु पटेल, आर. धनंजय गोस्वामी, प्रकाश नारायण पात्रे तथा थाना तिल्दा नेवरा से उपनिरीक्षक पी0आर0 साहू, प्र0आर0 जालम साहू, आर0 संदीप सिंह, कुलदीपक वर्मा, किशोर शर्मा एवं मधुसुदन वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

# केरल के लिए रवाना हुए 100 युवक-युवती

**मानपुर-मोहला/अं चौकी 4 नवंबर।** कोझिकोड (केरल) में आयोजित 17वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम हेतु मानपुर मोहला अं चौकी जिले के प्रतिभागी सोमवार को कोझिकोड (केरल) के लिए रवाना हुए। कोझिकोड( केरल) में अलग अलग प्रदेश से आए आदिवासी युवक युवतियां अपने अपने प्रदेश कि भाषा, वेशभूषा और लोक संस्कृति का आदान-प्रदान करेगें। कार्यक्रम में युवाओं का हौसला बढ़ाने हेतु मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री फूलबासन बई यादव उपस्थित रही 7 उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके यात्रा के लिए शुभकामनाए दी और केरल में जिले का अच्छा प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रोत्साहित किया 7 साथ ही जैनिम साहू, राजेश साहू और शिव देवांगन भी



अतिथि के रूप में उपस्थित रहे 7आदीवासी युवक युवतियों को रवाना करने से पूर्व मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) राजनांदगांव के जिला युवा अधिकारी श्री शुभजीत डे ने कहा कि यह कार्यक्रम गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं मेरा युवा भारत (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय )भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है, उन्होंने सभी युवक युवतियों को चंडीगढ़ भ्रमण यात्रा कि शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निश्चित रूप से आप सभी विभिन्न प्रदेशों से आए अन्य प्रतिभागियों के संस्कृति,रहन सहन,अचार विचार सहित सरकार कि विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आएंगे, और इस कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं में भाग लेकर मानपुर मोहला अं.चौकी जिला सहित मेरा युवा भारत राजनांदगांव का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में मेरा युवा भारत के तरफ से तपन साहू , लेखपाल , गोविंद साहू , दिलीप भंडारी एवं ITBP उपस्थित रहे 7 कार्यक्रम का मुख्य रूप से संचालन तेजस्वी वर्मा द्वारा किया गया।

## समाचार संक्षेप

### वृद्ध महिला पर चाकू से प्राणघातक वारकर लूट की वारदात करने वाले गिरफ्तार

**बलौदाबाजर 4 नवंबर।** सौरभ कुमार साहू निवासी ग्राम छेरकापुर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि खेत से काम करने के पश्चात दोपहर करीबन 03:30 बजे उसके माता-पिता जब घर वापस आए तो देखे, कि प्रार्थी की दादी श्रीमती गीता साहू कमरे में खून से लथपथ पड़ी थी, जिसे पूछने पर उनके द्वारा बताया गया की नाई घर में आया था। नाई द्वारा उसके




गला को दबाते हुए धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से उस पर वार कर उसे घायल कर दिया तथा पैर में पहने दो नग चांदी के लच्छा को लूट कर ले गया। कि रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 362/2025 धारा 333,309(4),109 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना पलारी पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए कार्यपालिक दंडाधिकारी की उपस्थिति में आहत गीता साहू का लिए गए बयान के आधार पर आरोपी घनश्याम सेन को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा लूट करने की नीयत से प्रार्थी की दादी के ऊपर उस्तरा/चाकू से घातक वारकर उसे गंभीर रूप से घायल करने एवं उसके द्वारा पहने गए चांदी के लच्छा को लूटकर भाग जाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी से घटना में प्रयुक्त उस्तरा/चाकू को जप्त किया गया है तथा आरोपी को आज दिनांक 03.11.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### मिनीमाता कॉलेज में नई दिशा अभियान के तहत नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन



**बलौदाबाजार, 4 नवंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में शासकीय मिनीमाता महाविद्यालय बलौदाबाजार में नई दिशा अभियान एवं हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि पुष्पराज वर्मा के द्वारा युवाओं को साइबर जागरूकता एवं धोखाधड़ी (फॉड) से संबंधित जानकारी, परामर्श तथा बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा नई दिशा अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई एवं नशामुक्ति शपथ दिलाई गई। इस दौरान सभी ने नशामुक्त भारत अभियान के क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन शपथ लेकर सर्टिफिक्केट प्रदान किया। हम होंगे कामयाब कार्यक्रम के अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन कौशल विकास तथा रोजगार से संबंधित जानकारी दी गई। जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जानकारी प्रदान की गई तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न योजना की जानकारी दी गई।

### चीतल मृत्यु प्रकरण में लापरवाही बरतने पर दो वनकर्मी निलंबित

**बलौदाबाजार, 4 नवंबर।** मृत चीतल को दफ़नाने के पूर्व निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं करने पर वनमण्डलाधिकरी गणवीर धम्मशील ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो लापरवाह वनकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 अक्टूबर 2025 को बलौदाबाजार वनमण्डल के अर्जुनी परिक्षेत्र अंतर्गत दक्षिण महराजी परिसर में एक मादा चीतल वन्यप्राणी को वनरक्षक द्वारा बिना उच्च अधिकारियों को सूचित किए तथा बिना पोस्टमार्टम कराए मृत वन्यप्राणी को दफ्ना दिया गया।परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी द्वारा प्रारंभिक जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि मृत चीतल को पहले एक स्थान पर दफ्नाने के बाद पुनः दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर दोबारा दफ्नाया गया था। यह संपूर्ण प्रक्रिया विभागीय नियमों, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 एवं निर्धारित कार्यप्रणालियों के विपरीत पाई गई। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर वनरक्षक राजेश्वर वर्मा एवं नरोत्तम पैंकरा को कर्तव्य की उपेक्षा एवं अनुशासनहीनता के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, घटना की विस्तृत जांच के के लिए उप वनमण्डल अधिकारी कसडोल को निर्देशित किया है। वनमंडल अधिकारी द्वारा क्षेत्रीय अमले को यह निर्देश भी जारी किए गए हैं कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नियमित निगरानी, त्वरित सूचना आदान-प्रदान एवं रिपोर्टिंग प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। साथ ही सभी परिक्षेत्रों में वन्यजीव गश्ती दलों की जिम्मेदारी और सतर्कता बढ़ाने हेतु भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### पुलिस महानिरीक्षक ने ली सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में एएसएल की बैठक

**राजनांदगांव 4 नवंबर।** उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन के 5 नवम्बर को राजनांदगांव जिला प्रवास के मद्देनजर पुलिस महानिरीक्षक श्री अभिषेक शांडिल्य की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में एएसएल की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान महापौर श्री मधुसूदन यादव, कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकिता शर्मा एवं एएसएलआर श्री रूपेश कुमार उपस्थित थे। पुलिस महानिरीक्षक श्री अभिषेक शांडिल्य ने उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन के एक दिवसीय प्रवास में सुरक्षा एवं प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए समस्त आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित रकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने कहा कि उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन के 5 नवम्बर 2025 को राजनांदगांव जिला प्रवास के दृष्टिगत आवश्यक तैयारी की जा रही है। उन्होंने हेलीपेड, कार्यक्रम स्थल में पेयजल, पार्किंग, रोड मैप, स्वास्थ्य परीक्षण टीम, फायर ब्रिगेड, मंच एवं बैठक व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी।

### शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर कॉलेज डोंगरगढ़ में किया गया आयोजन

# रसायन विज्ञान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रिया पटेल ने प्राप्त किया पहला स्थान

**डोंगरगढ़ 4 नवंबर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती के दिशा-निर्देशन में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा रसायन विज्ञानः केंद्रीय विज्ञान विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के पुष्पगुच्छ देकर स्वागत से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती रहीं। इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि छात्र-छात्राओं को 14 अक्टूबर तक पंजीयन एवं 26 अक्टूबर तक पोस्टर जमा करने के लिए समय दिया गया था। प्रतियोगिता में कुल 53 विद्यार्थियों ने भाग लिया।




प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रिया पटेल, बी.एससी. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान आकृति गुप्ता, बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर तथा तृतीय स्थान नव्या गुप्ता, बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में खुशबू साहू (बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर), पूर्वी सिन्हा (बी.एससी. तृतीय सेमेस्टर) तथा खुशी बेहरा (बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर) को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रमाणपत्र तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ग्रंथपाल नितेश तिरपुडे, प्राध्यापकगण जी. के. यादव, बेदप्रकाश साहू, डॉ. गोकुल प्रसाद साहू, पूर्वेश बांधव, डॉ. सुखप्रीत कौर भाटिया तथा रसायन शास्त्र विभाग के समस्त स्नातकोत्तर विद्यार्थी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश वर्मा द्वारा किया गया।

### उपराष्ट्रपति ने लखपति दीदी सम्मेलन कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया

**राजनांदगांव 4 नवंबर।** उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन के 5 नवम्बर 2025 को राजनांदगांव जिला प्रवास के दृष्टिगत संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर एवं पुलिस महानिरीक्षक श्री अभिषेक शांडिल्य ने स्टेट हाई स्कूल मैदान पहुंचकर लखपति दीदी सम्मेलन कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकिता शर्मा एवं एएसएलआर श्री रूपेश कुमार उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने मंच एवं बैठक व्यवस्था, विभिन्न स्टॉल, यातायात एवं पार्किंग, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी।

# खेल की अर्थव्यवस्था और खेल में रोजगार

## संपादकीय

पैसा और रोजगार का सीधा संबंध होता है। जहां ज्यादा पैसा होता है, वहां ज्यादा रोजगार भी होता है।जिस क्षेत्र में ज्यादा पैसा लगाया जाता है,उस क्षेत्र में रोजगार भी ज्यादा मिलता है। खेल क्षेत्र को हमारे देश में बरसों तक रोजगार का जरिया माना ही नहीं जाता था,क्योंकि हमारे खेल के क्षेत्र में ज्यादा पैसा नहीं था, कोई ज्यादा पैसा लगाता नहीं था। किसी को लगता नहीं था कि खेल में पैसा लगाने से उसको कोई फायदा होने वाला है। खेल के क्षेत्र में पैसा सरकार ही खर्च करती थी। किसी को लगता ही नहीं था कि खेल के क्षेत्र में पैसा लगाकर पैसा कमाया जा सकता है। हमारे देश में खेल की कोई अर्थव्यवस्था नहीं थी इसलिए खेल के क्षेत्र में ज्यादा रोजगार भी नहीं था, युवाओं के लिए इस क्षेत्र में बहुत आकर्षण नहीं था। आम लोगों की भीड़ भी खेल देखने नहीं जुटती थी, बहुत कम खेल थे जिसे देखने लोगों की भीड़ जुटती थी और उससे खेल संस्थाओं को आय होती थी। फुटबाल ऐसा खेल था जिसे देखने भारी भीड़ जुटती थी, उसके खिलाड़ी लोगों के हीरो हुआ करते थे,उनका खेल देखने लोगों में दीवानगी होती थी। फुटबाल के बाद क्रिकेट ही ऐसा खेल था जिसे देखने लोगों की भीड़ स्टडियम में जुटती थी। क्रिकेट खिलाडिय़ों का क्रेज भी फुटबाल के खिलाडिय़ों की तरह होता था लेकिन उनको पैसा फुटबाल खिलाडिय़ों से कम मिलता था।क्रिकेट में फुटबाल की तरह पैसा नहीं था क्योंकि क्रिक्रेट में टेस्ट मैच ही होता था, यह भी कम ही हुआ करता था, क्रिकेट में पैसा कैसे आए सोचा गया और जब एकदिवसीय व टी-20 खेलों का दौर शुरू हुआ तो क्रिकेट में पैसा आने लगा। किसी देश में किसी खेल के प्रति युवाओं में दीवानगी तब पैदा होती है जब उसका देश उस खेल में विश्वविजेता बनता है। भारत जब 1983 में क्रिकेट में विश्वविजेता बना तो देश में क्रिकेट का बढ़ावा मिला। ज्यादा शहरों में स्टेडियम बने, ज्यादा लोग स्टेडियम जाकर क्रिकेट देखने लगे, उसके खिलाड़ी सुनील गावस्कर, कपिलदेव तेंदुलकर, विराट कोहली, रोहित शर्मा का क्रेज हीरो की तरह रहा। उनके नाम से लोग मैच देखने लगे तो युवाओं में यह सोच बनी कि हम भी क्रिकेट खेलकर सुनील गावस्कर, कपिल देव बने सकते है। सुनील गावस्कर व कपिल देव की पीढ़ी से प्रेरित होकर सचिन तेदुलकर की पीढ़ी सामने आई और सचिन से प्रेरित होकर विराट कोहली की पीढ़ी सामने आई। इस तरह क्रिकेट की एक पीढ़ी ने दूसरी पीढ़ी को प्रेरित किया और दूसरी पीढ़ी ने तीसरी पीढ़ी को प्रेरित किया। आईपीएल के शुरू होने के बाद भारत में खेल की अर्थव्यवस्था बन गई और खेल में पैसा लगाकर लोग पैसा कमाने भी लगे। खेल में पैसा लगाने वाले अमीर हुए तो खेलने वाले खिलाड़ी भी अमीर हुए। कपिल व गावस्कर के जमाने में कोई सोच नहीं सकता था कि क्रिकेट खेलकर अरबपति बना जा सकता है। लेकिन सचिन के दौर में खिलाड़ी करोड़पति व अरबपति बने तो विराट कोहली के दौर में ज्यादातर क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी के लिए करोड़पति होना सामान्य बात हो गई है। अब देश के युवाओं को लगता है कि वह भी क्रिकेट खेलकर करोड़पति बन सकता है। वह भी सोचता है कि वह क्रिकेट खेलकर सचिन व विराट की तरह अमीर बन सकता है।जो काम कपिल देव की टीम ने पुरुष क्रिकेट के लिए किया वही काम महिला क्रिकेट के लिए हरमनप्रीत ने महिला विश्व कप जीतकर किया है। इस विश्वविजेता टीम को आईसीसी से घोषित 40 करोड़ रुपए मिले है तो बीसीसीआई ने महिला टीम को 51 करोड़ रुपए देने की घोषणा की है, इसका मतलब है कि अब पुरुष टीम की तरह महिलाओं की क्रिकेट भी देखी जा रही और खूब देखी जा रही है, इसका साफ मतलब है कि बीसीसीआई को भी कमाई हुई है,यही वजह है कि बीसीसीआई ने महिला टीम को पुरुष टीम से ज्यादा पैसा दिया है। इससे देश की लड़कियों के लिए क्रिकेट खेल कर पैसा कमाने का क्षेत्र बड़ा हो रहा है। क्रिक्रेट अब एक दो महीने का खेल नहीं रहा,क्रिकेट अब पूरे साल भर का खेल हो गया है। क्रिक्रेट टीम देश के भीतर भी खेलती है और बाहर भी खेलने जाती है, अब क्रिक्रेट टीम का व्यस्त दौरा कार्यक्रम होता है।अब तीन तरह की क्रिकेट खेली जाती है तो तीनों फारमेट के लिए अलग अलग खिलाड़ी होते है चाहे महिला क्रिकेट हो या पुरुष क्रिकेट हो दोनों में खिलाडिय़ों की संख्या बढ़ गई है। आज देश में क्रिकेट के जितने खिलाड़ी है, दूसरे खेल में नही है, इसका मतलब है कि आज क्रिकेट में ही सबसे ज्यादा संभावना है।

# विरासत और विकास के साथ बढ़ता छत्तीसगढ़

**प्रधानमंत्री की यात्रा और राज्योत्सव पर विशेष**

**विकास शर्मा**



छत्तीसगढ़ के नवीन विधानसभा भवन के लोकार्पण अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में बीते ढाई दशक में हुए विकास को अलग- अलग ढंग से रेखांकित किया। अपने संबोधन में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जिक्र विशेष तौर पर किया। बात स्वाभाविक भी है क्योंकि अटल जी के प्रयासों से ही छ्त्तीसगढ़ को देश के राजनीतिक मानचित्र में अलग राज्य का दर्जा मिला। प्रधानमंत्री ने राज्य की प्रगति को ' विरासत और विकास ' का समन्वय बताया। वैसे स्थापना दिवस के इस पड़ाव पर हम सभी को अतीत में अवश्य झाँकना चाहिए जिससे आज की पीढ़ी भी जान और मान सके कि इतिहास के अंधेर और अंधकार को पीछे छोड़ आज हमारा छत्तीसगढ़ देश में कैसे प्रकाश स्तंभ की तरह खड़ा है। राज्य ने बीते ढाई दशकों में हर क्षेत्र में प्रगति की है और विकास के सभी आयामों में सफलता पाई है, पर इस सफलता को भी सापेक्षता के साथ देखे जाने की आवश्यकता है । किस पड़ाव से आज हम किस मुकाम पर पहुँचे हैं यह बहुत मायने रखता है। सिर्फ ढाई दशक पहले मध्यप्रदेश के इस एक तिहाई हिस्से छत्तीसगढ़ को मूलभूत सुविधाओं और महत्वपूर्ण विकास योजनाओं के लिए ताकते ही रहना पड़ता था। अधोसंरचना का विकास हो या शासकीय योजनाओं का लाभ भोपाल से निकलकर सूदूर दंतेवाड़ा तक पहुँचना बड़ा ही कठिन था।

### पृथक राज्य का लंबा इंतजार

स्वतंत्रता पश्चात राज्य पुनर्गठन आयोग 1953 में जब गठित हुआ तब भी बड़ी मजबूती से पृथक छत्तीसगढ़ की मांग की गई थी। छत्तीसगढ़ महासभा, भातृसंघ, संघर्ष मोर्चा, छत्तीसगढ़ पार्टी, गोंडवाना पार्टी विकास मंच, छ्त्तीसगढ़ फौज, छत्तीसगढ़ मंच जैसे राजनीतिक तथा गैर राजनीतिक संगठनों ने समय – समय पर अहिंसक आंदोलनों के माध्यम से पृथक राज्य की मांग के लिए संघर्ष जारी रखा।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने छत्तीसगढ़ समेत दो अन्य राज्यों के गठन का बड़ा निर्णय लिया । वर्ष 2000 में पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं तत्कालीन गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने संसद में जब इन तीन राज्यों के गठन को लेकर विधेयक प्रस्तुत किया तो सबसे अधिक आम सहमति छत्तीसगढ़ राज्य के गठन को लेकर थी। छत्तीसगढ़ का भूभाग 44 वर्षों तक मध्यप्रदेश का हिस्सा रहा वहीं एक नवंबर 1956 के पहले मध्यभारत और बरार प्रांत में शामिल था।



### चंद घंटों की चर्चा और बना गया राज्य

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की दशकों की मांग, जब विधेयक बनकर आया तो संसद में चंद घंटों की चर्चा में लगभग निर्विरोध पारित भी हो गया। यह छत्तीसगढ़ को राज्य की मान्यता देने में एक आम सहमति को दर्शाता है। राज्य गठन के लिए विधिवत शुरूआत 18 मार्च 1994 में हुई जब भाजपा विधायक गोपाल परमार के अशासकीय प्रस्ताव को मध्यप्रदेश विधानसभा द्वारा सर्वानुमति से पारित किया गया। केन्द्र की तत्कालीन सरकार ने इसे महत्व नहीं दिया। बाद में अटल जी ने अपनी पार्टी के घोषणापत्र में किए गए वादे अनुसार सबसे पहले 1998 में कैबिनेट से पास कर अपनी दृढ़ता को प्रदर्शित किया, पर सरकार गिर जाने के कारण प्रस्ताव पारित हो न सका। पुनर्निर्वाचित होने पर प्रस्ताव फिर लाया गया । 31 जुलाई 2000 को मध्यप्रदेश पुनर्गठन विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत किया गया। 02 अगस्त को लोकसभा में विधेयक पर कुल सवा तीन घंटे की चर्चा में विधेयक बिना किसी संशोधन के पारित किया गया। 15 सदस्यों ने चर्चा में हिस्सा लिया और राष्ट्रीय जनता दल, सीपीआई(एम) तथा समाजवादी पार्टी को छोड़ भाजपा, कांग्रेस, बसपा समेत सभी दलों ने राज्य गठन का समर्थन किया। दूसरी तरफ 9 अगस्त को राज्यसभा में लगभग चार घंटे चली चर्चा में 23 सदस्यों ने भाग लिया। 25 अगस्त को राष्ट्रपति डॉ के आर नारायणन ने इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर अधिनियमित किया और 01 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आया।

### राज्य के साथ संयोगों का नाता

खास बात यह रही कि जिस दिन कृषि प्रधान राज्य के गठन का प्रस्ताव लोकसभा ने पारित किया वो हरेली अमावस्या का दिन था। यह छत्तीसगढ़ की कृषि परंपरा में विशेष उत्सव का दिन होता है। दूसरी ओर राज्यसभा ने वनवासी बहुल राज्य छत्तीसगढ़ के गठन संबंधी प्रस्ताव को विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर 9 अगस्त को पारित किया। यह एक बड़ा सुखद संयोग है कि जिस वनवासी बहुलता वाले राज्य का गठन 25 वर्ष पूर्व किया गया था उस छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वनवासी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं और एक विलक्षण संयोग यह भी कि जिस लोकसभा में पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के गठन का प्रस्ताव पारित हुआ तब विष्णुदेव साय उसके सदस्य के रूप में शामिल थे। यह भी संयोग है कि राज्य स्थापना की रजत जयंती का उत्सव भी देव उठनी एकादशी के दिन मनाया गया जो कृषि प्रधान इस राज्य में धार्मिक और पारंपरिक रूप से बड़े ही महत्व का दिन है।

### अटल सपने हो रहे साकार

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण के दौरान भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण किया और राज्य के विकास को देखते हुए बड़े विश्वास में कहा कि "अटल जी आपके सपने साकार हो रहे हैं "। सही मायनों में राज्य गठन के बाद गठित सरकारों ने लोकभावना के अनुकूल तेजी से विकास पर बल दिया और स्थिर सरकारों के गठन ने विकास के पहिये को तेजी से दौड़ाया है। सुशासन की राह पर चल रही सरकारों ने विभिन्न प्रतिकूलताओं के बीच प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से भरे राज्य को तेजी से आगे बढ़ाया है जिसके परिणामस्वरूप बीते ढाई दशकों में राज्य ने विकास के स्थापित प्रतिमानों को छुआ है। विकास का मूल्यांकन भौतिक मापदंडों पर ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक विरासत के साथ बढ़ते राज्य को देखकर किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री का यह कहना कि इस बात की पुष्टि करता है कि छत्तीसगढ़ की विशिष्ट सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और विकास की संभावना को देखकर पृथक राज्य का गठन किया गया वह विचार सार्थक और उम्मीदें साकार हो रहीं हैं। इन वर्षों में हुए विकास से जीवन स्तर में बहुत बेहतरी आई है। बहुत कुछ किया जा चुका है पर अभी बहुत से काम बाकी हैं। इसलिए स्थापना के रजत वर्ष में राज्य निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी जी की एक पंक्ति हमें प्रेरित करेंगी कि " जो पाया उसमें खो न जाएं, जो खोया उसका ध्यान करें "।

**प्रबंधक ( जनसंपर्क एवं औद्योगिक संबंध)**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी**

## सू- दोकू क्र.218

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.217 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -218

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक217 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## हादसा

मेष आज का दिन आपके लिए सेहत पर थोड़ा ध्यान देने के लिए रहेगा और आप अपने घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। बिजनेस की कोई डील लंबे समय से आपकी हुई थी, तो उसके भी फाइनल होने की संभावना है और आपकी कार्यक्षेत्र में कोई झूठा आरोप लगाने की कोशिश कर सकता है यदि ऐसा हो, तो आप अपनी बात लोगों के सामने अवश्य रखें और किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचें।

वृषभ आज आपको कोई निर्णय जल्दबाजी में या भावनाओं में बेहतर लेने से बचना होगा। आप अपने कामों में थोड़ा समझदारी व बुद्धि का प्रयोग करके ही आगे बढ़ें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको कोई बहलाने फुसलाने की कोशिश करेगा। आप अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें और किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी होने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

मिथुन आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका मान-सम्मान बढ़ने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपके सुख-साधनों में वृद्धि होगी। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके बिजनेस में कोई योजना आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी, जिसको लेकर आप किसी एक्सपर्ट से राय अवश्य लें। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें।

कर्क आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको बिजनेस में भी छुटपुट लाभ के अवसरों पर पूरा ध्यान देना होगा। यदि आपका ध्यान कहीं फंसा हुआ था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। विद्यार्थी किसी सरकारी नौकरी से संबंधित प्रतियोगिता की तैयारी करने में जुटे रहेंगे। आपके जीवनसाथी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकते है। आपको उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करनी होगी। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

सिंह आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उनका प्रमोशन होने से उनका मन काफी खुश रहेगा। आपको कोई दूसरी नौकरी का ऑफर भी आ सकता है। आपका कोई शुभचिंतक आज आपसे किसी बात को लेकर बातचीत कर सकता है, लेकिन परिवार के सदस्यों को आप कहीं घूमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। आपकी अपनी किसी मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी, जिससे कुछ पुरानी यादें ताजा होगी।

कन्या आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आपकी कला व कौशल में निखार आएगा। आपका कोई निर्णय आपको समझदारी से लेना होगा। आप किसी दूसरे की बातों में आकर किसी ऐसी बात ना बोले, जो की लड़ाई झगड़े की वजह बने। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रोका हुआ काम पूरा होगा।

तुला आज आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप कोई भी काम थोड़ा समझदारी दिखाते हुए करें, क्योंकि आपके शत्रु आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आप अपनी बचत पर भी पूरा ध्यान देंगे और संतान को आप कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। आप अपने किसी पेंडिंग काम को भी समय से करने की कोशिश करें। किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके सामने कुछ खर्च ऐसे आएंगे, जो मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। परिवार के सदस्यों में किसी बात को लेकर वाद विवाद हो, तो आपस उसमें चुप रहने की कोशिश करें। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको किसी उपहार के मिलने की संभावना है।

धनु आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है। आपको किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है, जिसके लिए यात्राएं भी अधिक होगी। आपको कोई पेट संबंधित समस्या थी, तो आपको अपने खाने-पीने पर ज्यादा ध्यान देना होगा। आपके उस धन के फंसने की संभावना है और आप अपने घर परिवार में जिम्मेदारियां को लेकर थोड़ा सतर्क रहे। धार्मिक कार्यों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

मकर आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। आप किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा ना करें, नहीं तो बेवजह का लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। दान पुण्य के कार्यों में भी आपकी काफी रुचि रहेगी और आप किसी बात को लेकर घबराएंगे नहीं, वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है, जिस पर आप थोड़ा ध्यान अवश्य दें।

कुंभ आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। करियर में आपका अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। आपका बिजनेस भी पहले से बेहतर रहेगा, जो आपको खुशी देगा, क्योंकि आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। संतान के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, जिससे आपके मन को भी सुकून मिलेगा। यदि आपने कोई प्रॉपर्टी खरीदने का प्लान बनाया था, तो उसके लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

मीन आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय बातचीत करने में व्यतीत करेंगे, जिससे पुराने गिले शिकवे भी दूर होंगे और कारोबार में भी आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी कोई बड़ी दिल फाइनल हो सकती है, जो आपकी इन्कम को भी बढ़ाएगी। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपकी कुछ नई कोशिश रंग लाएगी। आपको कोई ऐसी खुशखबरी सुनने को मिल सकती है, जिसकी आप लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे थे।

# छत्तीसगढ़ में महतारियों के सशक्तिकरण की कहानी




**डॉ. दानेश्वरी संभाकर**

नई उड़ान, नया क्षितिज - छत्तीसगढ़ में महतारियों के सशक्तिकरण की कहानी

छत्तीसगढ़ अपने विकास-यात्रा के स्वर्णिम पड़ाव पर है। इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण आधार बनी हैं - राज्य की महिलाएँ, जिन्हें स्नेह व सम्मान से "महतारी" कहा जाता है। बीते वर्षों में छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला सशक्तिकरण को केवल नीतिगत प्राथमिकता नहीं बनाया, बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की धुरी के रूप में स्थापित किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आज महिलाएँ योजनाओं की लाभार्थी मात्र नहीं, परिवर्तन की वाहक बनकर उभरी हैं। राज्य में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए सरकार ने विविध योजनाएँ शुरू की हैं। सबसे उल्लेखनीय महतारी वंदन योजना है, जिसके तहत लगभग 70 लाख महिलाओं को अब तक 12,983 करोड़ रुपए की राशि वितरित की गई है। यह सहायता महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा ही नहीं, बल्कि परिवार व समाज में निर्णायक भूमिका निभाने की क्षमता भी प्रदान करती है।

दीदी ई-रिक्शा योजना ने 12,000 महिलाओं को रोजगार के नए अवसर दिए। सक्षम योजना के तहत 32,000 महिलाओं को 3 प्रतिशत ब्याज पर 2 लाख रुपए तक व्यवसायिक ऋण दिया गया, जबकि महतारी शक्ति ऋण ने 50,000 महिलाओं को बिना जमानत ऋण प्रदान कर आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त किया। मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना से 1.15 लाख महिलाएँ घर-परिवार के साथ उत्पादन कार्य से जुड़कर सम्मानजनक आय अर्जित कर रही हैं। कोंडागांव की रतो बाई का जीवन कभी नक्सली भय से घिरा था। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से उन्हें 1.20 रुपए लाख और मनरेगा से 90 दिन का रोजगार मिला। आज वे पक्के घर में सुरक्षित जीवन जीती हैं और सब्ज़ी विक्रय के माध्यम से जीवन यापन करती हैं। उज्ज्वला, नल-जल जैसी सुविधाएँ उनके जीवन में प्रकाश भर रही हैं। दंतेवाड़ा जिले की गंगादेवी SHG की महिलाएँ आज टाटा मैजिक वाहन का संचालन कर 26,000 रुपए मासिक आय अर्जित कर रही हैं। यह उदाहरण बताता है कि ग्रामीण महिलाएँ अवसर मिलने पर कैसे नए व्यवसायों का संचालन कर सकती हैं।

सरगुजा की श्रीमती श्यामा सिंह ने बिहान योजना के तहत 95,000 रुपए की सहायता से 30 सेंट्रिंग प्लेट से काम शुरू किया। आज उनके पास 152 प्लेट हैं तथा वे 50,000 रुपए प्रतिमाह कमाती हैं। कोरबा की श्रीमती मंझनीन बाई को DMF फंड से स्वास्थ्य केंद्र में नियुक्त होकर उन्हें 9,000 रुपए मासिक मानदेय मिलता है। यह न सिर्फ आर्थिक स्थिरता, बल्कि सामाजिक सम्मान भी देता है।

कभी नक्सली हिंसा से भयभीत बस्तर आज नए परिदृश्य के साथ उभर रहा है। यह इलाका आत्मनिर्भरता, सम्मान और अवसरों की नई पहचान बन गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय कहते हैं कि "बस्तर का पुनर्निर्माण केवल सड़क या पुल बनाना नहीं, यह वहाँ के हर घर में विश्वास का दीप जलाने का संकल्प है।"

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 15,000 विशेष आवास स्वीकृत किए, जिनमें से 3,000 बस्तर, सुकमा, कांकेर, बीजापुर और दंतेवाड़ा में बन रहे हैं। अब तक 12,000 से अधिक लोग सुरक्षित आवास पा चुके हैं। छत्तीसगढ़ में महिला SHG की संख्या 2,80,362 है, जिनमें से लगभग 60,000 समूह बस्तर में सक्रिय हैं। वनोपज और हस्तशिल्प आधारित उद्यमों से करोड़ों का कारोबार हो रहा है। "लखपति महिला मिशन" के अंतर्गत 2,000 महिलाएँ सालाना 1 लाख रुपए से अधिक कमाती हैं। 'जशप्योर' और बस्तर बेंत उत्पाद राष्ट्रीय पहचान पा चुके हैं। महिलाएँ अब रोजगार पाने तक सीमित नहीं, बल्कि रोजगार-दाता भी बन रही हैं।

स्वास्थ्य और सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार की उज्ज्वला योजना के अंतर्गत स्वीकृत 25 लाख नए LPG कनेक्शन में से 1.59 लाख कनेक्शन छत्तीसगढ़ को मिले, जिससे नियद नेल्लानार ग्रामों की महिलाएं भी लाभान्वित हो रही है। मुख्यमंत्री श्री साय कहते हैं -"स्वच्छ रसोई, स्वस्थ परिवार और सशक्त महिला - यही उज्ज्वला का सार है। छत्तीसगढ़ के 27 जिलों में सखी वन-स्टॉप सेंटर स्थापित हैं, महिला हेल्पलाइन - 181, डायल - 112, 24'7 कार्यरत हैं। नवाबिहान योजना से कानूनी व परामर्श सहायता दी जा रही है। शुचिता योजना से 3 लाख किशोरियाँ लाभान्वित हो रही हैं। 2,000 स्कूलों में नैपकिन वेंडिंग मशीन लगाई गई है। इन पहलों ने महिलाओं के मन में सुरक्षा और आत्मविश्वास की नई ऊर्जा भरी है।

योजनाएँ महिलाओं को तकनीक-आधारित सशक्तिकरण की ओर ले जा रही हैं। ड्रोन दीदी योजना से महिलाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जशप्योर ब्रांड से लगभग 500 महिलाएँ, 10,000 रुपए प्रति माह कमा रही हैं। नवा रायपुर के यूनिटी मॉल में SHG उत्पादों को प्राथमिकता दी जा रही है। ये नारी शक्ति को स्थानीय से राष्ट्रीय बाज़ार तक पहुँचाने का मार्ग तैयार कर रही हैं। श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े कहती हैं कि "नया छत्तीसगढ़ वह होगा जहाँ भय नहीं, विश्वास होगा, जहाँ महिलाएँ आश्रित नहीं, सशक्त होंगी।" आज छत्तीसगढ़ का हर गाँव, हर घर, हर परिवार में बदलाव की अग्नि प्रज्वलित है। जहाँ पहले भय था - वहाँ आज आत्मनिर्भरता है। जहाँ मजबूरी थी- वहाँ आज सम्मान है। छत्तीसगढ़ की महतारियाँ अब परिवर्तन की राह नहीं देख रहीं- वे स्वयं परिवर्तन की दिशा रच रही हैं।



## एक नजर

### सर्राफा संघ के अध्यक्ष बने राजेश सोनी

**जगदलपुर 4 नवंबर।** सराफा संघ जगदलपुर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। सर्वसम्मति से राजेश सोनी (महेन्द्र) को संघ का अध्यक्ष चुना गया। नई टीम में जितेश संघाणी उपाध्यक्ष, निर्मल दुग्गड़ (राजु) सचिव, नितेश सोनी कोषाध्यक्ष और मनोज चौरड़िया सहसचिव बनाए गए है। संघ के सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि नई टीम व्यापारिक हितों की रक्षा, पारदर्शिता और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

### लीलेझर में तालाब के गहरे पानी में डूबने से 2 बच्चों की मौत

**कांकेर 4 नवंबर।** जिले के चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम लीलेझर में तालाब में नहाने के दौरान दोनों गहरे




पानी में डूबने से 2 बच्चों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाला और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान चंद्रहास कोरेटी (7) और सूर्यकांत परतेती (9) के रूप में हुई है, दोनों ममेरे भाई थे। दोनों बच्चे घर के पास खेल रहे थे, खेलते-खेलते दोनों गांव के तालाब तक पहुंच गए और नहाने के लिए उतर गए। इस दौरान दोनों गहरे पानी

### राज्योत्सव के शुभारंभ पर जिले के हितग्राहियों को मिली अनेक सौगात

**बालोद, 4 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित जिले के हितग्राहियों के लिए सौगातों भरा रहा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर रविवार 02 नवंबर को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने विभागों के प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को चेक सामग्री एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं भी दी। इसके अंतर्गत मुख्य अतिथि श्री कोर्सेवाड़ा एवं अतिथियों ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कचांदुर निवासी मत्स्य पालक कृषक श्री छबिलाल ढीमर को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत जीवित मछलियों के विक्रय हेतु कुल 10 लाख रूपये की लागत की चार पहिया वाहन प्रदान किया गया। इस योजना के अंतर्गत मत्स्य पालक कृषक श्री छबिलाल ढीमर को कुल लागत की 40 प्रतिशत यानी 04 लाख रूपये की राशि का अनुदान भी प्राप्त हुआ है। इस दौरान अतिथियों के द्वारा गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम चिचबोड़ निवासी श्री संतोष निषाद, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा निवासी श्रीमती बिंदा बाई एवं बालोद विकासखण्ड के ग्राम परेंगुड़ा निवासी श्री लाल सिंह ठाकुर एवं गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सोरर निवासी श्री जतिन ढीमर को 10-10 लाख रूपये लागत की 01-01 नग मछली जाल प्रदान किया गया। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम चिचबोड़ निवासी श्री पवन साहू, डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम गुजरा निवासी श्रीमती सुलोचना तारम, बालोद विकासखण्ड के ग्राम परेंगुड़ा निवासी श्री गौरसिंह निषाद एवं गुरूर विकासखण्ड के ग्राम सोरर निवासी श्री पंचुराम को 06-06 हजार रूपये लागत की आईसबॉक्स प्रदान किया गया।

### लाभान्वित हितग्राहियों को प्रदान किया गया आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र

**बालोद, 4 नवंबर।** जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव समारोह के शुभारंभ अवसर पर रविवार 02 नवंबर को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा एवं अतिथियों के द्वारा 'बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत जिले के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र भी प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इसके अंतर्गत मुख्य अतिथि एवं अतिथियों के द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अग्रेंजी माध्यम विद्यालय डौण्डी में अध्ययनरत कु. रिया केवट को 05 हजार, प्रयास आवासीय विद्यालय पिनकापार की छात्रा कु. भूमिका को 02 हजार, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय झलमला की छात्रा कु. संध्या को 07 हजार एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अग्रेंजी माध्यम विद्यालय कुसुमकसा की छात्रा कु. ग्रेसी साहू को 05 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। इसी तरह मुख्य अतिथि एवं अतिथियों के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवारभाट के श्री शंभूराम, श्रीमती मथुरा बाई, श्री अक्तुराम, श्रीमती संतरी बाई एवं श्री परमेश्वर को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत हीरापुर के श्री तेजराम, श्री जोहन लाल, श्री गजेन्द्र एवं ग्राम पंचायत देवारभाट की श्रीमती कुमारी बाई तथा ग्राम पंचायत जगतरा के दिनेश कुमार, श्री असोबाई निषाद, श्री जागेश्वरी को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। ।

# इष्ट देवताओं पर अभद्र टिप्पणी के विरोध में सिंधी समाज ने किया प्रदर्शन



■ समस्त समाजों और सामाजिक संगठनों का मिला समर्थन

**जगदलपुर 4 नवंबर।** बीते दिनों छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष रायपुर निवासी अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज,अग्रवाल समाज एवं हिन्दू देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी की गई थी इसके संबंध में सिंधी समाज जगदलपुर द्वारा अमित बघेल के ऊपर एफआईआर दर्ज करवाई थी पर प्रशासन द्वारा अभी तक अमित बघेल पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही न होने के विरोध में सोमवार को सिंधी समाज द्वारा कोतवाली चौक में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में दिगंबर जैन समाज, श्वेतांबर जैन समाज, अग्रवाल समाज,आंध्र समाज,विश्वकर्मा समाज,माहेश्वरी समाज,मिथिला समाज,पंजाबी समाज,पंजाब सनातन धर्म सभा,उत्कल समाज गुजराती समाज,बंगाली समाज,चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, मुख्य मार्ग व्यापारी संघ,संजय बाजार व्यापारी संघ, विश्व हिंदू परिषद,सक्षम,सराफा संघ,भारतीय जनता पार्टी,कांग्रेस,यादव समाज, शौंडिक समाज,मराठी समाज,पतंजलि योगपीठ,क्षत्रिय समाज,सर्व हिन्दू समाज,कायस्थ समाज एवं अन्य समाज ने भी इस प्रदर्शन में शामिल होकर अपना समर्थन दिया और सभी ने एक स्वर पर कहा की अमित बघेल जैसे लोगों पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। प्रदर्शन के पश्चात आक्रोश रैली निकाली गई, जो कोतवाली चौक से मुख्य मार्ग होते हुए कलेक्टर ऑफिस पहुंची एवं जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया एवं अमित बघेल पर जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई की मांग की गई, आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं वरिष्ठ एवं युवा शामिल हुए आक्रोषित युवाओं एवं महिलाओ ने रैली में अमित बघेल मुर्दाबाद,पुलिस प्रशासन कार्रवाई करो,अमित बघेल को फांसी दो, हिंदू देवी देवताओं का अपमान नहीं सहेंगे नारे लगाकर जमकर नारेबाजी की सिंधी समाज ने यह चेतावनी दी यदि 48 घंटे के भीतर अमित बघेल पर बड़ी कार्रवाई नहीं की जाती है तो सिंधी समाज एवं समस्त हिंदू समाज द्वारा 6 नवंबर को जगदलपुर बंद का आह्वान किया है जिसमें बस्तर चेंबर ऑफकॉमर्स मुख्य मार्ग व्यापारी संघ,संजय मार्केट व्यापरी संघ एवं अन्य सामाजिक संगठनों का समर्थन मिला है।

# माओवाद वर्दी की जगह अब होटल की यूनिफॉर्म से नई जिंदगी की शुरुआत

■ 30 आत्मसमर्पित माओवादी सदस्यों को दिया जा रहा अतिथि सत्कार का प्रशिक्षण

**जगदलपुर 4 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के माओवादियों ने जब आत्मसमर्पण किया, तब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील सरकार ने भी इन आत्मसमर्पित माओवादियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सकारात्मक कदम उठाए। जगदलपुर के निकट आड़ावाल में लाइवलीहुड कॉलेज में इन 30 आत्मसमर्पित माओवादियों को पुनर्वास कार्ययोजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत गेस्ट सर्विस एसोसिएट का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह पहल न केवल इन पूर्व माओवादी सदस्यों को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि बस्तर के पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास भी कर रही है।



### प्रशिक्षण का सफर-बंदूक से ग्राहक सेवा तक

ये 30 आत्म समर्पित माओवादी जो कभी घने जंगलों में हिंसा के रास्ते पर थे, आज लाइवलीहुड कॉलेज के कैंपस में ग्राहक संवाद, होटल मैनेजमेंट और सॉफ्ट स्किल्स सीख रहे हैं। करीब 3 महीने के इस कोर्स में उन्हें होटल इंडस्ट्री की बारीकियां सिखाई जा रही हैं, ताकि वे बस्तर के होमस्टे, रिसॉर्ट्स और टूरिस्ट स्पॉट्स में आत्मविश्वास से काम कर सकें। एक पूर्व माओवादी रामू (परिवर्तित नाम) ने भावुक होकर कहा कि बस्तर के जंगल में हिंसा की जिंदगी ने सिर्फ दर्द दिया, अब लाइवलीहुड कॉलेज में सीखकर लगता है, असली आजादी यहीं है। अब स्वयं मेहनत कर घर-परिवार को खुशहाल बनाएंगे।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदृष्टि

*मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अमल से अब तक हजारों युवा सशक्त हो चुके हैं। बीजापुर जैसे संवेदनशील इलाकों में यह पुनर्वास का सुनहरा मॉडल साबित हो रहा है। नक्सल मुक्त बस्तर की दिशा में यह कदम मील का पत्थर है, जहां हिंसा की जगह विकास और रोजगार की कहानी लिखी जा रही है।*

### नई दिल्ली में बस्तर के ईको फ्रेंडली घर को मिला अवार्ड

**जगदलपुर 4 नवंबर।** दिल्ली में आयोजित 17वें गृह समिट में मंगलवार को जगदलपुर के बालाजी वार्ड में स्थित आवास अक्षत ज्योति को दो प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किए गए। इनमें से पहला स्वगृह के लिए 5 स्टार रेटिंग व दूसरा रेटिंग और एक्सएमप्लेरी परफार्मेंश के लिए पेसिव आर्किटेक्चर डिजाइन की श्रेणी में अवार्ड दिया गया। यह पुरस्कार भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा गृह काउंसिल के मंच पर प्रदान किए गए। परियोजना टीम के अनुसार, यह छत्तीसगढ़ का पहला घर है जिसे ये दोनों सम्मान प्राप्त हुए हैं। इस मकान के डिजाइन व इसके ईको फरेंडली स्वरुप को बरकरार रखने के लिए प्रतिष्ठि मोतीवाला परिवार ने प्रयास शुरु किया था। इस परिवार से जुड़े सौरभ मोतीवाला ने बताया कि इस आवास को बनाने अन्य लोगों को सलाह देने से पहले इसकी शुरुआत अपने ही घर से करने की ठानी। इस मकान का अभिविन्यास, शेडिंग/ओवरहेंग, क्रॉस-वेंटिलेशन, डे-लाइटिंग और एएसी ब्लॉक दीवारों सहित ट्यून किया गया। इस बिल्डिंग में कम ऊर्जा की खपत होती है व बेहतर थर्मल बना रहता है। मकान में वर्षाजल संचयन, ग्रे-वॉटर का पुनःउपयोग, रूफटॉप सोलर और कचरा पृथक्करण पर जोर दिया गया है। इसकी वजह से यह संभाग का पहला ग्रीन बिल्डिंग्स बन सका। अब इसके के बारे में लोगों को जागरूक और प्रेरित किया जा रहा है।

## बचेली पुलिस ने चोरी करने की नीयत से घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध की कार्रवाई

**बचेली 4 नवंबर।** जिला में बढ़ते अपराध की रोकथाम हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, श्री गौरव राय, दंतेवाड़ा के दिशा निर्देशन एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री उदित पुष्कर, श्री रामकुमार बर्मन दंतेवाड़ा तथा श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री कपिल चंद्रा, किरन्दुल के द्वारा लगातार जुर्म जरायम की पतासाजी एवं गश्त सर्चिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग कर कार्यवाही करने दिशा-निर्देश प्राप्त होने पर थाना प्रभारी बचेली निरीक्षक मधुनाथ ध्रुव के नेतृत्व में गश्त दौरान दिनांक 02.11.2025 के रात्रि 01.30 बजे रेतीपारा मेन रोड बचेली में बादल सोनानी पिता स्व. मनोज सोनानी उम्र 20 वर्ष




निवासी वार्ड क्रमांक 06 पुराना मार्केट भट्टीपारा बचेली एवं सूरज मंडावी पिता राजकुमार मंडावी उम्र 22 वर्ष निवासी पुराना मार्केट रामनगर वार्ड क्रमांक 10 बचेली जो चोरी करने की नीयत से सूने मकानो में ताकझाक कर रहे थे पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को देखकर लूक छिप रहे थे पकड़े जाने की डर से भागने लगे जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया, उक्त संदिग्ध व्यक्तियो के विरूद्ध चोरी जैसे संज्ञेय अपराध घटित करने से रोकने एवं सदाचार की प्रतिभूति के लिये बीएनएसएस की धारा 128 के तहत् प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है जिसे माननीय कार्यपालिक दण्डाधिकारी महोदय बड़ेबचेली के समक्ष पेश किया गया है।

## भाटापारा में युवा कांग्रेस महासचिव पर प्राणघातक हमला

**भाटापारा4 नवंबर।** बीती रात बस स्टैंड स्थित बबलू पान ठेला के पास युवा कांग्रेस के विधानसभा महासचिव गोविंदा देवदास पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उज्वल मानिकपुरी, गौतम मानिकपुरी सहित लगभग 20-25 लोगों ने मिलकर प्राणघातक हमला किया। जिसकी शिकायत थाने मे दर्ज करायी गई है घटना उस समय की है जब भाटापारा विधायक इंद्र साव अपने वाहन से बस स्टैंड क्षेत्र से गुजर रहे थे। उसी दौरान भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता द्वारा विधायक के प्रति अभद्र टिप्पणी की गई। पास में मौजूद युवा कांग्रेस नेता गोविंदा देवदास ने इसका विरोध करते हुए उन्हें इस तरह की अशोभनीय भाषा का प्रयोग न करने की सलाह दी। इसी बात से नाराज़ होकर उज्वल मानिकपुरी अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और देवदास पर हथियारों एवं अन्य वस्तुओं से



से हमला कर दिया। हमले में देवदास को सिर पर गंभीर चोट, हाथ में फ्रैक्चर तथा पीठ पर अनेक घाव आए हैं। घटना के बाद घायल अवस्था में देवदास ने तत्काल थाना पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई, पुलिस ने सामान्य धाराओं में अपराध दर्ज किया वहीं घटना की गंभीरता को देखते हुए विधायक इन्द्र साव थाना पहुंचकर



एसडीओपी तारेश साहू से चर्चा कर मामले पर ठोस कार्यवाही किये जाने की मांग की ,युवा कांग्रेस ने इस पूरी घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि यह हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और राजनीतिक शालीनता पर सीधा प्रहार है।सत्ता के दबाव में पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई न करना लोकतंत्र के लिए अत्यंत चिंताजनक है।

## समाचार संक्षेप

### पुल निर्माण के लिए शिवरतन शर्मा की सक्रियता से मिली प्रशासकीय स्वीकृति



**भाटापारा 4 नवंबर।** छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा की सक्रियता आखिरकार रंग लाई और लंबे समय से की जा रही शिवनाथ नदी के सेमरियाघाट पर सेमरिया अमलीडीह मार्ग के मध्य उच्च स्तरीय पुल निर्माण एवं पहुंच मार्ग की मांग अब पूरी होने जा रही है। शिवरतन शर्मा के प्रयासों से 17 करोड़ 77 लाख 65 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति लोक निर्माण विभाग द्वारा 03/11/2025 को प्राप्त हुई है। शीघ्र ही सारी औपचारिकताओ का पूर्णतः पालन सुनिश्चित कर निविदा आमंत्रित कर कार्य प्रारम्भ किये जाने हेतु प्रशासन ने आदेश जारी किया हैं.. शिवरतन शर्मा ने बताया कि भाटापारा क्षेत्र के विकास हेतु उनके द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र के सड़कों एवं पुल पुलिया विहीन गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने विशेष पहल की जा रही है। मेरा प्रयास है कि भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा का लाभ मिले। जिसमे हम लगभग पूर्णतः की ओर हैं आज विधानसभा में हर ओर सड़को का जाल बिछाया जा चूका हैं जिससे आवागम में सुविधाएं मिल रही हैं। शिवरतन शर्मा ने कहा की पुल निर्माण से लोगों को कई लाभ होंगे, जैसे यात्रा में आसानी, आर्थिक विकास, सुरक्षा में वृद्धि और सामाजिक संपर्क में सुधार। पुलों से आवागमन आसान हो जाता है, जिससे समय और दूरी कम होती है, और इससे व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी सुविधाओं तक पहुँच बेहतर होती है। इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रति शिवरतन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### सिरहा गुनिया का काम करने शक में पांच को आजीवन कारावास

**जगदलपुर 4 नवंबर।** सिरहा गुनिया के संदेह में की गी हत्या के मामले की सुनवाई कर रहे प्रधान सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े ने हत्या के आरोपीगण मिट्ठू पोयाम, सुखराम पोयाम, बुधराम पोयाम, सन्नु पोयाम, बुधराम पोयाम, सोमडू पोयाम, को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा अर्थदण्ड से दंडित किया। मामले में पैरवी कर रहे लोक अभियोजक ने बताया कि घटना दो वर्ष पूर्व कोड़ेनार थाना क्षेत्र अंतर्गत बामन पोयाम की एक्सीडेंड में मृत्यु हो जाने पर आरोपीगण के द्वारा, हिड़मो पोयाम को तू सिरहा गुनिया का काम करता है, इसी कारण बामन पोयाम की मृत्यु हो गयी, कहते हुये आरोपीगणों के द्वारा, हिड़मो पोयाम को आरोपीगण मिट्ठू पोयाम, सुखराम पोयाम, बुधराम पोयाम, सन्नु पोयाम, बुधराम पोयाम, सोमडू पोयाम सभी निवासी-बाटकोंटा, सिलकजोड़ी पंचायत, थाना-कोड़ेनार ने हिड़मो पोयाम के उनके घर का दरवाजा खटखटाने पर हिड़मो पोयाम के द्वारा दरवाजा खोलकर देखने पर अश्लील गाली गलौज करते हुए सिरहा-गुनिया करता है, कहकर लड़ाई-झगड़ा करते हुए हाथ-थप्पड़, बांस के डंडा एवं लोहे की टांगिया से प्राणघातक प्रहार कर हत्या कर दी। रामसुख मुचाकी एवं उसकी मां बुधो मुचाकी के द्वारा बीच बचाव करने पर आरोपीगण द्वारा उन्हें भी अश्लील शब्द उच्चारित करते हुये मारपीट किया। उक्त दौरान आरोपीगण के द्वारा हिडमों के साथ लगातार हाथ थप्पड़, बांस के डण्डा व टंगिया से मारपीट करते हुये उसके मामा हिड़मो की हत्या कर दिये और उसके मामा को बांधकर उठाकर पहाड़ी की ओर ले जाकर उसके ही खेत में फेक दिये थाना-कोड़ेनार में प्रथम सूचना रिपोर्ट कर अभियोग पत्र प्रस्तुत न्यायालय में पेश किया गया। मामले की सुनवाई कर रहे प्रधान सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े ने हत्या के आरोपीगण मिट्ठू पोयाम, सुखराम पोयाम, बुधराम पोयाम, सन्नु पोयाम, बुधराम पोयाम, सोमडू पोयाम, को दोषी पाते हुय भादसं की धारा, 302/147,सपठित धारा 149,449,323/149,में करावास एवं अर्थदण्ड का गुनहगार ठहराया गया और उसे क्रमशः आजीवन कारावास, एक वर्ष, 05 वर्ष तथा 06-06 माह कठोर कारावास से तथा प्रत्येक धारा में 100-100 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया। अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर उन्हें क्रमशः प्रत्येक धाराओं में 01-01 माह का अतिरिक्त कठोर कारवास भुगतना होगा

### अनुति तेन्नेटी ने राज्य स्तरीय बैडमिंटन में कांस्य पदक जीता

**जगदलपुर 4 नवंबर।** अंबिकापुर में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता में जगदलपुर की अनुति तेन्नेटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। अंडर-14 बालिका वर्ग में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ की (अंडर-14 गर्ल्स) टीम में अपना स्थान पक्का किया है। अब अनुति आगामी दिसंबर माह में मध्य प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय विद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। बस्तर संभाग के लिए यह गौरव का क्षण है कि इस वर्ग में पूरे संभाग से चयनित होने वाली अनुति एकमात्र खिलाड़ी हैं। अनुति तेन्नेटी पिछले पाँच वर्षों जगदलपुर में कोच क्रिस क्रिस्टोफर बैडमिंटन प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। कोच ने बताया कि अनुति उनकी चौथी खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगी। इससे पहले उनकी तीन छात्राएँ भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। कोच क्रिस्टोफर ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को दिन में दो बार अलग-अलग सत्रों में अभ्यास कराया जाता है ताकि वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए पूरी तरह तैयार रहें। बस्तर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा एवं सचिव राजेश त्रिपाठी ने अनुति तेन्नेटी की उपलब्धि पर बधाई देते हुए कोच क्रिस्टोफर के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की प मेहनत के साथ कोच का समर्पण भी क ऐसी सफलताओं के पीछे प्रमुख स भूमिका निभाता है। संघ के हे पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि स्व अनुति राष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ स्व और बस्तर का नाम रोशन करेंगी।

### स्टेडियम में बनाई छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य रंगोली

**बालोद, 4 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25वें वर्ष के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में 02 नवंबर को रजत राज्योत्सव समारोह का भव्य एवं रंगारंग शुभारंभ किया गया। राज्योत्सव समारोह बालोद में ''छत्तीसगढ़ महतारी'' मुख्य आकर्षण का केन्द्र बना रहा। समारोह में नवचेतना फाउंडेशन कलंगपुर के द्वारा बहुत ही आकर्षक एवं भव्य रंगोली बनाई गई, जो कि राज्योत्सव समारोह के अवसर पर आने वाले अतिथियों एवं आमजनों को आकर्षित किया।

■ हैदराबाद के कार्पोरेट कार्यालय में समारोह आयोजित कर

# एनएमडीसी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह-25 मनाया

**हैदराबाद, 4 नवंबर।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने हैदराबाद में अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में एक उत्साहपूर्ण समापन समारोह के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का सफल आयोजन किया। एक सप्ताह तक मनाए गए इस आयोजन के दौरान इस वर्ष की थीम ÷सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी÷ प्रतिध्वनित होती रही, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक उत्कृष्टता के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को प्रेरित करती है।




सतर्कता जागरूकता सप्ताह (वीएडब्ल्यू) दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को शुरू हुआ, जिसमें एनएमडीसी की परियोजनाओं और कार्यालयों में सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा सहित निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताएं और डिजिटल जागरूकता अभियान जैसी आकर्षक गतिविधियों की एक श्रृंखला शामिल थी। वीएडब्ल्यू थीम के अनुरूप, एनएमडीसी ने तीन माह का जागरूकता अभियान शुरू किया, जो 18 अगस्त, 2025 को प्रारंभ हुआ और 17 नवंबर, 2025 तक जारी रहेगा। इस पहल के हिस्से के रूप में, नैतिक प्रथाओं और सतर्कता-तंत्र की समझ बढ़ाने के लिए भारत सरकार के वर्तमान में कार्यरत और सेवानिवृत्त कार्मिकों द्वारा कपैसिटी बिल्डिंग कार्यक्रमों सहित विभिन्न सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत इस वर्ष शुरू किया गया एक प्रमुख घटक द्व-तह्न्ञ मॉड्यूल है, जिसके माध्यम से एनएमडीसी के अधिकारी सतर्कता प्रशासन के विभिन्न पहलुओं पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संगठन से परे सत्यनिष्ठा के संदेश को प्रसारित करने के लिए, एनएमडीसी ने मेजबान समुदायों और हितधारकों को शामिल करते हुए अपने परियोजना स्थलों पर ग्राम सभाओं का भी आयोजन किया।

1 नवंबर, 2025 को समापन समारोह में मेजर जनरल अजय मिश्रा, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश उप क्षेत्र मुख्य वक्ता थे, जिन्होंने संगठनात्मक संस्कृति को आकार देने में व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ÷सत्यनिष्ठा केवल एक गुण नहीं है, जिसे हम तब प्रदर्शित करते हैं जब कोई देख रहा होता है, यह हमारे चरित्र का सार है, जो हमारे द्वारा लिए गए हर निर्णय में परिलक्षित होता है। सतर्कता आत्म-जागरूकता से शुरू होती है और एक संगठन के रूप में हमारी सामूहिक चेतना तक फैली हुई है। हम में से प्रत्येक को अपने आचरण में सतर्क, पारदर्शी और निष्पक्ष होने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। सच्ची सतर्कता संदेह के बारे में नहीं है।

# अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करें, निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें: चतुर्वेदी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

- भू-अर्जन के प्रकरणों में रिकॉर्ड दुरुस्ती 15 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश
- कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक, विभागीय योजनाओं की समीक्षा की



**रायगढ़, 4 नवम्बर।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के धरातलीय क्रियान्वयन में तेजी लाने और लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी विभागों को लंबित प्रकरणों का निराकरण यथाशीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन के निराकरण के संबंध में सूचना किसी न किसी माध्यम से दी जानी चाहिए, ताकि जनता का प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

**समय-सीमा के प्रकरणों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश :** बैठक में कलेक्टर ने लंबित समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जर्जर स्कूल भवनों के मूल्यांकन और आवश्यकतानुसार मरम्मत अथवा नए भवन निर्माण के प्रस्ताव शीघ्र स्वीकृत कराने को कहा। उन्होंने नए निर्माण कार्यों की स्वीकृति, भू-अर्जन और अन्य प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण करने और अप्रारंभ कार्यों को तुरंत शुरू करने तथा प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**सीएम घोषणाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश :** कलेक्टर चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की और कहा कि प्रत्येक विभाग घोषित योजनाओं और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र अमल में लाएं। उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों में रिकॉर्ड दुरुस्ती का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी 18 नवम्बर तक शत-प्रतिशत रिकॉर्ड दुरुस्ती सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित एसडीएम, तहसीलदार एवं पटवारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

**धान खरीदी, स्वामित्व योजना और अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा :** कलेक्टर ने धान खरीदी की तैयारी, किसानों के पंजीयन तथा भौतिक सत्यापन की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी पात्र किसान को धान बेचने में कोई असुविधा न हो। इसके साथ ही उन्होंने स्वामित्व योजना, मसहाती एवं आरक्षित ग्रामों के राजस्व सर्वेक्षण, आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली कनेक्शन, जल जीवन मिशन, पेंशन प्रकरणों और सांसद खेल महोत्सव की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर रवि राही, डॉ. प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा, पूजा बंसल, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### छग रजत जयंती महोत्सव, नितिन दुबे के कार्यक्रम में झूमे श्रोता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी, 4 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष होने के उपलक्ष्य में प्रदेश सहित जिले में भी छत्तीसगढ़ रजत जयंत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 2 से 4 नवम्बर तक जिला स्तरीय राज्योत्सव स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के एकलव्य खेल परिसर में आयोजित किया जा रहा है। दो नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रसिद्ध गायक नितिन दुबे की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। नितिन दुबे को सुनने के लिए लोग बड़ी संख्या में डटे रहे और .छत्तीसगढ़ी गीतों पर झूमने लगे। गौरतलब है कि 2 नवम्बर को अनुगुंज द बैंड रायपुर की भजन, सूफी और जस गीत, जय गढ़िया बाबा आदिवासी मांदरी नर्तक दल सरईटोला की मांदरी नृत्य, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह की हाय डारा लोर गे हे, पंथी नर्तक दल मोतिमपुर की पंथी नृत्य, मॉडल इंग्लिश स्कूल धमतरी की लोकनृत्य सहित नितिन दुबे की प्रस्तुति आकर्षक रही।

### धमतरी में मचेगी दिल्ली के साधो बैंड की धूम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**धमतरी, 4 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में हर्ष और उत्साह से राज्योत्सव मनाया जा रहा है। जिला मुख्यालय धमतरी के डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में 2 से 4 नवम्बर 2025 तक जिला स्तरीय राज्योत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। राज्योत्सव के तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण होगा देश की राजधानी दिल्ली से आए साधो बैंड की लाइव कार्यक्रम, जो शाम 8 बजे से आयोजित होगा।

साधो बैंड दिल्ली स्थित एक लोक-पॉप बैंड है जो भारतीय शास्त्रीय, सूफी और लोक संगीत को आधुनिक संगीत के साथ मिलाकर प्रस्तुत करता है, जिसमें नौ सदस्य हैं। इस बैंड का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय संगीत की समृद्ध विरासत से जोड़ना है। यह बैंड भारतीय लोक संगीत की विभिन्न धुनों को आधुनिक वाद्ययंत्रों जैसे हारमोनियम, गिटार, बास और सैक्सोफोन के साथ मिलाकर प्रस्तुत करता हैं, इस बैंड में कुल नौ सदस्य हैं। साधो बैंड सूफी, कव्वाली, बॉलीवुड, लोक और शास्त्रीय संगीत सहित कई शैलियों के गीत प्रस्तुत करता है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर छत्तीसगढ़ी कला, संस्कृति, और संगीत का आनंद लें तथा राज्य की गौरवशाली परंपरा का उत्सव मनाएँ।

## एक नजर

### सहकारी समिति कर्मचारियों की सभी मांगों को शीघ्र पूर्ण करें सरकार: चंद्राकर

**महासमुंद, 4 नवम्बर।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सहकारी समिति कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर की जा रही आंदोलन को जायज ठहराते हुए सरकार से शीघ्र कर्मचारियों की मांगों को पूर्ण करने की मांग की है। चंद्राकर ने कहा कि कर्मचारियों के आंदोलन से धान खरीदी प्रभावित हो सकती है, समय रहते सरकार को इस दिशा में सार्थक पहल करते हुए कर्मचारियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर तत्काल उनकी सभी मांगों को पूर्ण किया जाना चाहिए। श्री चंद्राकर ने कहा कि वेतन, पदोन्नति और नियमितीकरण, सूखत (सूखने के कारण होने वाला नुकसान) के प्रावधान, 'शून्य शॉर्टेज' (धान की कमी न होने पर) पर प्रोत्साहन राशि, और प्रबंधकीय अनुदान जैसे कई मांगों को लेकर कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। जो जायज भी हैं, पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय सहकारी समितियों को जीरो शार्टेज पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई थी। लेकिन, 2 साल के कार्यकाल में भाजपा ने सहकारी समितियों को पूरी तरह नजर अंदाज कर दिया।



### दसवीं-बारहवीं पास विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने विशेष छात्रवृत्ति का प्रावधान

**रायगढ़, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के जरूरतमंद और मेधावी विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के सपनों को साकार करने के लिए अब राज्य शासन द्वारा विशेष रूप से छात्रवृत्ति का प्रावधान किया है। रायगढ जिले में राज्य शासन के निर्देश पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने विशेष छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। इस योजना के माध्यम से ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने कक्षा 10वीं या 12वीं की परीक्षा किसी शासकीय विद्यालय से नियमित छात्र के रूप में उत्तीर्ण की है, उन्हें स्नातक या डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने पर वार्षिक 30 हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह राशि विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस और शिक्षा से जुड़े अन्य खर्चों के लिए उपयोग की जा सकेगी। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज समय-सीमा की बैठक में इस योजना की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जिले के पात्र विद्यार्थियों को इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक दी जाए, ताकि कोई भी जरूरतमंद छात्रा इस अवसर से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र विद्यार्थियों को आवेदन हेतु प्रेरित करने और उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। छात्रवृत्ति आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है। प्रथम चरण में आवेदन 10 से 30 सितंबर 2025 तक स्वीकार किए गए हैं, जबकि दूसरा चरण 10 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा।

### संभाग के सभी डाकघरों में विशेष बीमा शिविर का आयोजन 19 नवंबर को

**रायगढ़, 4 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नागरिकों की आर्थिक सुरक्षा और बचत को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग द्वारा आगामी 19 नवम्बर को रायगढ़ संभाग के सभी डाकघरों में विशेष बीमा शिविर आयोजित किए जाएंगे। डाक विभाग, जो दशकों से जनता के विश्वास, सेवा और समर्पण का प्रतीक रहा है, अब केवल पत्र और पार्सल सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के नागरिकों की बचत, निवेश और जीवन सुरक्षा का विश्वसनीय साथी बन चुका है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए डाक विभाग अपने ग्राहकों के लिए डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजनाएँ संचालित कर रहा है, जो पूर्णतः सरकारी संरक्षण वाली, सुरक्षित एवं लाभदायक बीमा योजनाएँ हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत नागरिक 10,000 से लेकर 50 लाख तक का जीवन बीमा कराकर सुरक्षित निवेश, गारंटीड रिटर्न और जीवन सुरक्षा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। रायगढ़ संभाग के अधीक्षक परमेश्वर कुर्रे ने रायगढ़, जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे इस विशेष अवसर का लाभ उठाएँ और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करें। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा फ़हर घर बीमा, हर जन बीमाफ़ अभियान के माध्यम से जनमानस को बीमा योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## राज्योत्सव समारोह में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विभिन्न विभागों के स्टालों का किया अवलोकन

# जनता व शासन के बीच संवाद का उत्सव है राज्योत्सव

- हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से किया लाभान्वित, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान में बेटियों के लिए लिखा संदेश
- पीएम आवास की चाबियाँ सौंपी, रेडी टू ईट के लिए 10 महिला समूहों को प्रदान किया स्वीकृति पत्र





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में प्रदेश के वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि राज्योत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि शासन और जनता के बीच विश्वास, संवाद और विकास का उत्सव है। राज्योत्सव समारोह के दौरान उन्होंने हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया और उन्हें उवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

वित्त मंत्री चौधरी ने जिला पंचायत रायगढ़ के स्टाल में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 5 हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चाबी और 4 हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश, श्रम विभाग में मुख्यमंत्री सियान सहायता योजना के तहत 3 हितग्राहियों, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 2 हितग्राहियों तथा मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत 4 हितग्राहियों को चेक राशि, पशुधन विकास विभाग में राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना अंतर्गत 2 हितग्राहियों, नर बकरा वितरण योजना के तहत 2 हितग्राहियों, और सुकरत्रयी योजना के तहत 1 हितग्राही को स्वीकृति पत्र एवं चेक राशि, मछली पालन विभाग में 2 हितग्राहियों को जाल, आइस बॉक्स और अनुदान राशि का चेक, समाज कल्याण विभाग में दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत 1 हितग्राही को चेक, क्षितिज योजना के तहत 2 हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि, 5 हितग्राहियों को सहायक उपकरण और 1 हितग्राही को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड, कृषि विभाग में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत 2 हितग्राहियों को नलकूप पंप, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 4 हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र, और मृदा स्वास्थ्य योजना के तहत 4 हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य पत्रक, कौशल विकास विभाग में 5 हितग्राहियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र, शिक्षा विभाग के स्टाल में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 3 बालिकाओं को सायकल तथा 3 छात्रों को जाति प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य विभाग में 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, विद्युत विभाग के स्टाल में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 5 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, एसबीआई स्टाल में रेडी-टू-ईट निर्माण एवं वितरण के लिए 10 महिला स्व-सहायता समूहों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

वित्त मंत्री ने कृषि विभाग में मूंगफली की उन्नत फसल, उद्यान विभाग में पाम ऑयल उत्पादन, ग्रामोद्योग में कोसा उत्पाद, वन विभाग में वनोपज आधारित मॉडल तथा आदिमजाति विभाग में कर्मयोगी अभियान और पीएम जनमन योजना से सजे स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने पुलिस विभाग के साइबर अभियान, अक्षय ऊर्जा विभाग के सोलर ड्यूल पंप मॉडल और नगर पालिक निगम द्वारा प्रदर्शित नालंदा परिसर मॉडल की विशेष सराहना की। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तैयार रागी केक का स्वाद चखा और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान में बेटियों के लिए संदेश लिखा। वित्त मंत्री ने स्वच्छता सेल्फी प्वाइंट में फोटो खिंचवाते हुए स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार, सभापति डिग्रीलाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, जिला पंचायत सदस्य सुषमा खलखो, जनपद पंचायत रायगढ़ अध्यक्ष सुजाता चौहान, पुसौर जनपद अध्यक्ष हेमलता चौहान, अरूणधर दीवान, श्रीकांत सोमावार, सुभाष पांडेय, विकास केडिया, पूनम सोलंकी, गोपाल अग्रवाल, बृजेश गुप्ता, जतीन साव, पवन शर्मा, बलबीर शर्मा, अशोक अग्रवाल, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, डीएफओ अरविंद पीएम, तथा सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक उपस्थित रहे।

## राज्योत्सव समारोह के दूसरे दिन छाया सांस्कृतिक रंग

# रजत जयंती पर स्कूली छात्र छात्राओं की शानदार प्रस्तुति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन विविधतापूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समूचे परिसर को लोक संस्कृति और उत्साह के रंगों से भर दिया। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य, नाट्य और संगीत कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत जन मित्रम एसपीएस मेमोरियल स्कूल घरघोड़ा के विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक आदिवासी नृत्य से हुई, जिसने राज्य की लोकपरंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया। इसके बाद विद्या विकास कॉन्सेप्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने वैदिक नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक झलक पेश की। ओ.पी. जिंदल स्कूल सावित्री नगर के विद्यार्थियों ने मिशन सिंधु पर आधारित नाटिका के जरिए सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

चक्रधर बाल सदन के बच्चों ने रामायण थीम पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति दी, जबकि कन्या परिसर धरमजयगढ़ के विद्यार्थियों ने जोश से भरे छत्तीसगढ़ी करमा नृत्य से समूचे पंडाल को थिरकने पर मजबूर कर दिया। ओ.पी. जिंदल स्कूल पतरापाली के छात्रों ने भांगड़ा नृत्य की ऊर्जावान प्रस्तुति दी, वहीं आदिवासी बालिका आश्रम गोढ़ी की छात्राओं ने शानदार बस्तरिया नृत्य प्रस्तुत किया। सेंट टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने संबलपुरी नृत्य, संस्कार पब्लिक स्कूल के छात्रों ने लोक नृत्य, तब्बू परवीन एकेडमी के कलाकारों ने कथक नृत्य और वेदिक इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों से खूब सराहना बटोरी। इस दौरान रॉकस्टार विजय सिंह ने सुगम संगीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर समारोह का माहौल सुरमयी बना दिया।

# जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केन्द्र

- वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा-शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम
- 'जनमन' पत्रिका, 'सुशासन तिहार 2025' विशेषांक और ब्रोशर का निःशुल्क वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। राज्योत्सव समारोह के दौरान वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभाग द्वारा जानकारीपूर्ण और आकर्षक स्वरूप में लगाए गए प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी राज्य शासन की जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम है। राज्योत्सव की इस रजत जयंती प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की गौरवशाली विकास यात्रा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा सुशासन, पारदर्शिता और सर्वांगीण विकास की दिशा में किए जा रहे कार्यों की झलक को आकर्षक, सरल और प्रेरणादायक शैली में प्रदर्शित किया गया है। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा 'जनमन' पत्रिका, 'सुशासन तिहार 2025' विशेषांक और विभिन्न ब्रोशर का निःशुल्क वितरण भी किया गया। इन प्रकाशनों के माध्यम से शासन की प्राथमिकताओं, जन कल्याणकारी योजनाओं और सफलता की कहानियों को प्रभावी ढंग से नागरिकों तक पहुँचाया गया।



### जनदर्शन में कलेक्टर ने दिए आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 नवम्बर।** जिला कलेक्टोरेट परिसर में आज आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याएं, शिकायतें और मांगें सुनीं। उन्होंने प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम पंचायत कोड़ातराई के ग्रामीणों ने ग्राम कोड़ातराई से गोहड़ीडीपा मार्ग के अत्यधिक जर्जर होने की समस्या बताई और सड़क मरम्मत तथा सीसी रोड निर्माण की मांग रखी। कलेक्टर ने जनहित को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया। ग्राम-टूरटूरा की सावित्री भुइया ने बताया कि वह पैर से दिव्यांग हैं और चलने में असमर्थ हैं। उन्होंने दिव्यांग पेंशन स्वीकृति की मांग की।

इस पर कलेक्टर चतुर्वेदी ने समाज कल्याण विभाग को संवेदनशीलता के साथ तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बर्रा के अध्यक्ष ने व्याख्याता सूरज लाल राठिया द्वारा शराब सेवन कर विद्यालय आने की शिकायत प्रस्तुत की, जिस पर कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### विधिक जागरूकता स्टाल में नागरिकों को दी जा रही निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 नवम्बर।** जितेन्द्र कुमार जैन, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य सिपना दिवस के पावन अवसर पर कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ द्वारा शहीद विप्लव त्रिपाठी मिनी स्टेडियम, रायगढ़ में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में विधिक सहायता एवं जागरूकता स्टाल क्रमांक 16 का शुभारंभ किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के द्वारा उक्त स्टॉल के माध्यम से नालसा (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) तथा सालसा (राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण) की विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## राज्योत्सव एवं रजत जयंती महोत्सव के शुभारंभ पर

# वित्त मंत्री ने 830 हितग्राहियों को शौचालय निर्माण स्वीकृति पत्र किए वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 नवम्बर।** प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी.चौधरी ने राज्य के 25वें स्थापना दिवस पर आयोजित राज्योत्सव एवं रजत जयंती महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर रायगढ़ में स्वच्छ संकल्प अभियान 2025 के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए 830 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए।

कार्यक्रम रायगढ़ के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित किया गया, जहां तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन 2 से 4 नवम्बर तक किया जा रहा है। वित्त मंत्री चौधरी ने राज्योत्सव शुभारंभ के दौरान राज्योत्सव स्थल पर लगे विभिन्न विभागों के प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के स्टॉल में उपस्थित हितग्राहियों से संवाद करते हुए उन्हें व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृति पत्र प्रदान किए। उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से 10 हितग्राहियों को मंच से स्वीकृति आदेश भी वितरित किए और सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।



वित्त मंत्री चौधरी ने स्वच्छता सेल्फी पॉइंट पर जाकर स्वच्छता का संदेश देते हुए सेल्फी ली और कहा कि रायगढ़ जिला स्वच्छता अभियान में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि स्वच्छ रायगढ़, स्वस्थ रायगढ़ के संकल्प को हर घर तक पहुंचाया जाए। राज्योत्सव के पहले दिन बड़ी संख्या में नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार, सभापति डिग्रीलाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, जिला पंचायत सदस्य सुषमा खलखो, जनपद पंचायत रायगढ़ अध्यक्ष सुजाता चौहान, पुसौर जनपद अध्यक्ष हेमलता चौहान, अरूणधर दीवान, श्रीकांत सोमावार, सुभाष पांडेय, विकास केडिया, पूनम सोलंकी, गोपाल अग्रवाल, बृजेश गुप्ता, जतीन साव, पवन शर्मा, बलबीर शर्मा, अशोक अग्रवाल, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, डीएफओ अरविंद पीएम, तथा सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे सहित विभागों के अधिकारी, जनपद सदस्य, नगर निगम प्रतिनिधि तथा स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### खेल और बस्तर ओलंपिक की मिल रही जानकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग के स्टॉल में

**रायपुर, 4 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के अवसर पर आयोजित राज्योत्सव में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के स्टॉल में खेल की विविधता और खेल सामग्री के साथ-साथ बस्तर ओलंपिक को विशेष रूप से हाइलाइट किया गया है। स्टॉल में प्रवेश करते ही बस्तर ओलम्पिक के शुभंकर वन भैंसा से हाथ मिलाकर और सेल्फी लेकर युवा रोमांचित हो रहे हैं। खेल में रुचि रखने वाले युवा और बच्चे खेल एवं युवा कल्याण विभाग की झांकी देखकर खेल की विविधता और खेल सामग्रियों से परिचित हो रहे हैं। इसके अलावा पूर्व में आयोजित किए गए बस्तर ओलंपिक के अविस्मरणीय चरणों के फोटोग्राफ भी प्रदर्शित किए गए हैं। बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन के छात्र श्री किशोर यादव ने बताया कि इस स्टॉल से खेल की विविधताओं, टूर्नामेंट और उससे संबंधित जानकारी उपलब्ध हो रही है। श्री यादव ने कहा कि ऐसी जानकारी खेल में रुचि रखने वाले खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए खेल को प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद दिया।

### उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 5 नवंबर को जिले के प्रवास पर

**राजनांदगांव 4 नवम्बर।** भारत के उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन 5 नवम्बर 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन 5 नवम्बर 2025 को दोपहर 12.35 बजे स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा रायपुर से हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.10 बजे पीटीएस ग्राऊण्ड राजनांदगांव पहुंचेंगे और दोपहर 1.10 बजे से दोपहर 1.20 बजे तक स्वागत एवं परिचय प्राप्त करेंगे। उपराष्ट्रपति दोपहर 1.20 बजे पीटीएस ग्राऊण्ड राजनांदगांव से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे और दोपहर 1.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन दोपहर 2 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.10 बजे उदयाचल ट्रस्ट राजनांदगांव के भवन पहुंचेंगे और दोपहर 2.10 बजे से दोपहर 2.25 बजे तक उदयाचल मल्टी स्पेशिएलिटी नेत्र चिकित्सा संस्थान के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति दोपहर 2.25 बजे उदयाचल मल्टी स्पेशियलिटी नेत्र चिकित्सा संस्थान से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 2.35 बजे स्टेट स्कूल मैदान राजनांदगांव पहुंचेंगे और दोपहर 2.35 बजे से दोपहर 3.35 बजे तक लखपति दीदी सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति श्री सीपी राधाकृष्णन दोपहर 3.35 बजे स्टेट स्कूल मैदान राजनांदगांव से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 3.45 बजे हेलीपेड पीटीएस ग्राऊण्ड राजनांदगांव पहुंचेंगे और उन्हें दोपहर 3.45 बजे से दोपहर 3.55 बजे तक विदाई दी जाएगी। उपराष्ट्रपति दोपहर 3.55 बजे हेलीपेड पीटीएस ग्राऊण्ड राजनांदगांव से हेलीकाप्टर द्वारा स्वामी विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 10 नवम्बर को

**राजनांदगांव 4 नवम्बर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 10 नवम्बर 2025 को सुबह 9 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया है। मेला में सभी शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं आवश्यक प्रमाण-पत्र के साथ शामिल हो सकते है।

### नकली कफ सिरप बेचने पर मेडिकल स्टोर का संचालक गिरफ्तार

**रायपुर, 4 नवंबर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा नकली दवाओं की रोकथाम हेतु निरंतर निरीक्षण एवं सघन अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में औषधि बेस्टो कॉफ ड्राई कॉफ फार्मूला जिसमे बैच नंबर, निर्माण तिथि एवं एक्सपायरी तिथि वर्णित नहीं था का नमूना संकलन औषधि निरीक्षक गरियाबंद द्वारा किया जाकर जाँच हेतु औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। जिसे जाँच उपरांत अमानक घोषित किया गया था। इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए औषधि के लेबल में लिखित निर्माता फर्म से संपर्क किया गया जिसमे ज्ञात हुआ की यह औषधि लेबल वर्णित निर्माता फर्म के द्वारा विनिर्मित नहीं किया गया है।

# सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम ने बच्चों से की मुलाकात, दी प्रेरणा,बढ़ाया उत्साह

**रायपुर, 4 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर में आज भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम ने स्कूली बच्चों से आत्मीय मुलाकात की। यह मुलाकात न केवल ज्ञानवर्धक रही, बल्कि देशभक्ति और प्रेरणा से भरपूर भी थी। भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम के सदस्य दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम पहुँचे, जहाँ उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत की। बच्चों में टीम के पायलटों और तकनीकी विशेषज्ञों को देखकर जबरदस्त उत्साह था। सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बच्चों ने उत्साह से उनका स्वागत किया।



टीम के सदस्यों ने बच्चों को बताया कि कैसे सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम अनुशासन, सटीकता और टीमवर्क के माध्यम से आकाश में अद्भुत करतब करती है। उन्होंने समझाया कि हवाई करतब केवल कौशल का प्रदर्शन नहीं, बल्कि साहस, एकाग्रता और धैर्य की परीक्षा भी होती है। टीम ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि हर उड़ान एक जिम्मेदारी है – न केवल भारतीय वायुसेना के प्रति, बल्कि पूरे राष्ट्र के गौरव के प्रति भी। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि अगर वे मन लगाकर मेहनत करें, तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं।

टीम ने बच्चों को भारतीय वायुसेना के जीवन, प्रशिक्षण और तकनीकी तैयारियों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एयर फोर्स के बनने के लिए न केवल शारीरिक फिटनेस जरूरी है, बल्कि मानसिक मजबूती और वैज्ञानिक सोच भी उतनी ही आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे – उड़ान के दौरान टीम के पायलटों के बीच कितनी दूरी रहती है, मौसम का क्या प्रभाव पड़ता है, और हवा में बने हार्ट या एरोहेड जैसे फॉर्मेशन कैसे बनाए जाते हैं। टीम के सदस्यों ने मुस्कुराते हुए हर सवाल का जवाब सरल और प्रेरक अंदाज़ में दिया।

सूर्यकिरण टीम के सदस्यों ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल हवाई प्रदर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि नई पीढ़ी में देशभक्ति, अनुशासन और समर्पण की भावना जगाना भी है। उन्होंने बच्चों से कहा – हमारी उड़ान तभी सार्थक है जब आपकी आँखों में भी उड़ने का सपना जग जाए। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों और अभिभावकों ने कहा कि यह संवाद बच्चों के लिए अविस्मरणीय रहा। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अब भारतीय सशस्त्र बलों को नए दृष्टिकोण से देख रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सूर्यकिरण टीम ने सभी विद्यार्थियों को 5 नवम्बर को नवा रायपुर में आयोजित 'एरोबैटिक शो' में शामिल होकर भारतीय वायुसेना के शौर्य का साक्षी बनने का आमंत्रण दिया।

# छत्तीसगढ़ देश में सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

**रायपुर, 4 नवंबर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज नवा रायपुर अटल नगर में चल रहे छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तीसरे दिन के मुख्य अतिथि के रूप कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य निर्माण से पहले छत्तीसगढ़ पलायन, कुपोषण और पिछड़ेपन के लिए जाना जाता था। अब 25 वर्ष में छत्तीसगढ़ ने तेजी से विकास किया है और छत्तीसगढ़, देश का सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य बन गया है। उन्होंने इस अवसर पर पडवानी गायक पद्मश्री उषा बारले, सूफी गायक श्री राकेश शर्मा, छत्तीसगढ़ गायक श्री कुलेश्वर ताम्रकर एवं पार्श्व गायक सुश्री भूमि त्रिवेदी को सम्मानित किया। इस मौके पर राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा और विधायक धरसीवां श्री अनुज शर्मा भी शामिल रहे।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता श्रद्धेय अटल जी का स्मरण करते हुए कहा कि अटल जी ने छत्तीसगढ़ की जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए छत्तीसगढ़ को पृथक से राज्य बनाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ देश का सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य बना है। आज छत्तीसगढ़ भारत के आधे राज्यों को चावल प्रदान करता है, देश में हर पांचवे सीमेंट की बोरी छत्तीसगढ़ की है, हर पांचवा छड़ छत्तीसगढ़ का है, छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि अब बस्तर से सरगुजा तक सड़कों का जाल बिछ चुका है। राज्य में आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपलआईटी, हिदायतुल्लाह लॉ यूनिवर्सिटी, एम्स, 15 मेडिकल कॉलेज, 84 नर्सिंग कॉलेज जैसी संस्थाएं खुल गयीं हैं। ये छत्तीसगढ़ की बदलती तस्वीर है। उन्होंने कहा कि आने वाला कल छत्तीसगढ़ का है छत्तीसगढ़ के युवाओं के संकल्प में वो ताकत है कि 2047 में जब भारत विकसित राष्ट्र बनेगा तब छत्तीसगढ़ देश के सबसे विकसित राज्यों में शीर्ष पर होगा।

राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राज्य का निर्माण जिन उद्देश्यों को लेकर किया गया था आज उसे पूरा करते हुए तीव्र गति से विकास कर रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में इसके विकास की गति दुगुनी हो गयी है। विधायक श्री अनुज शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी संस्कृति और संसाधनों में देश में विशिष्ट स्थान रखता है। उन्होंने रजत महोत्सव पर राज्य के निर्माताओं को नमन भी किया।

इस अवसर पर साहित्य अकादमी संस्कृति परिषद के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा, फिल्म विकास निगम अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, श्री तिमलेंदु शेखर श्री विक्रम सिसोदिया, संस्कृति विभाग के सचिव श्री रोहित यादव, संचालक संस्कृति विभाग श्री विवेक आचार्य सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## श्रम विभाग की प्रदर्शनी बनी लोगों के आकर्षण का केंद्र

**रायपुर, 4 नवंबर।** श्रमिक सशक्तीकरण की दिशा में 25 वर्ष की उपलब्धि राज्योत्सव में श्रम विभाग की प्रदर्शनी बनी विशेष आकर्षण का केंद्र रायपुर, 03 नवंबर 2025/ छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में इस वर्ष श्रम विभाग की प्रदर्शनी ने लोगों में विशेष आकर्षण पैदा किया। राज्य के गठन के बाद बीते 25 वर्षों में श्रमिकों के जीवन में आए बदलावों और जनकल्याणकारी प्रयासों को इस प्रदर्शनी में सजीव रूप से दर्शाया गया है। अटल नगर नवा रायपुर स्थित डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में आयोजित प्रदर्शनी में श्रम विभाग ने राज्य के औद्योगिक विकास के साथ श्रमिकों के अधिकार और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीयन से लेकर सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं तक के कई प्रभावी पहलों की झलक श्रम विभाग की प्रदर्शनी में देखने को मिलती है।

## नर्सिंग होम एक्ट उल्लंघन के मामले में एस.जे. हेल्थ केयर हॉस्पिटल को कारण बताओ नोटिस जारी

**रायपुर, 4 नवंबर।** नर्सिंग होम एक्ट के प्रावधानों का पालन नहीं किए जाने पर अम्बिकापुर स्थित एस.जे. हेल्थ केयर हॉस्पिटल के संचालक को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में अपना स्पष्टीकरण तीन कार्य दिवस के भीतर प्रस्तुत करें, अन्यथा नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई कलेक्टर श्री विलास भोसकर के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अम्बिकापुर के मार्गदर्शन में गठित राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई आकस्मिक निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर की गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि संयुक्त टीम ने 30 अक्टूबर 2025 को अम्बिकापुर के मायापुर स्थित ठनगनपारा क्षेत्र में संचालित एस.जे. हेल्थ केयर हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल द्वारा नर्सिंग होम एक्ट में निर्दिष्ट आवश्यक मापदंडों, सुविधाओं एवं पंजीयन की शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है। अस्पताल परिसर में कई बिंदुओं पर गंभीर कमियां एवं अनियमितताएं पाई गईं। प्रशासन द्वारा इस निरीक्षण एवं कार्रवाई का उद्देश्य जिले में संचालित सभी निजी अस्पतालों एवं नर्सिंग होम्स में स्वास्थ्य सेवा मानकों का पालन सुनिश्चित करना तथा मरीजों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है।

# सुर, संगम और समर्पण से सजी रजत महोत्सव की संध्या

**रायपुर, 4 नवंबर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में सोमवार की रात संगीत, नृत्य और लोक संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिला। बॉलीवुड की ख्यातनाम पार्श्व गायिका भूमि त्रिवेदी ने अपनी मनमोहक आवाज़ से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने ससुराल गेंदा फूल, सैय्यारा, राम चाहे लीला, झुमका गिरा रे जय-जय शिवशंकर-कांटा लगे न कंकड़, होली खेले रघुवीरा, रंग बरसे, ये देश है वीर जवानों का..डम-डम ढोल बाजे, उड़ी-उड़ी जाएं जैसे लोकप्रिय गीतों को अपने नए अंदाज़ में प्रस्तुत कर माहौल को जोश और उमंग से भर दिया। हिंदी, पंजाबी और राजस्थानी सहित अन्य राज्यों के भाषाओं के धुनों के साथ छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत का ताना-बाना



जोड़ते हुए उन्होंने युवाओं के दिलों में संगीत की हलचल मचा दी। दर्शकों की तालियों और नृत्य से पूरा प्रांगण गूंज उठा। छत्तीसगढ़ की गौरवगाथा को आगे बढ़ाते हुए पद्मश्री श्रीमती ऊषा बारले ने अपने तानपुरे की झंकार और अभिव्यक्तिपूर्ण मुद्राओं से महाभारत की वीरता को जीवंत कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविह्वल कर दिया और वे देर तक मंच से नज़रें नहीं हटा सके। उन्होंने महाभारत के चीरहरण की घटनाओं को मार्मिक और हृदयस्पर्शी ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद सूफी पार्श्व गायक राकेश शर्मा और उनकी टीम ने दमादम मस्त कलंदर, मौला मेरे मौला, चोला माटी के राम जैसे गीतों से श्रोताओं को रूहानी सफर पर ले गए। उनकी साथी गायिका निशा शर्मा और कलाकारों ने भी अपने स्वर और लय से इस सूफियाना माहौल को और प्रगाढ़ बनाया। प्रादेशिक लोकमंच के कलाकार कुलेश्वर ताम्रकार ने नाचा के माध्यम से छत्तीसगढ़ की माटी में रची-बसी लोकसंस्कृति को मंच पर साकार किया। उनके प्रदर्शन ने परंपरा, ऊर्जा और रचनात्मकता का ऐसा संगम रचा कि दर्शक देर तक तालियां बजाते रहे और दर्शकदीर्घा में मुस्कान के साथ थिरकते रहे।

# छत्तीसगढ़ देखेगा भारतीय वायुसेना का शौर्य

**रायपुर, 4 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर राजधानी नवा रायपुर का आसमान 5 नवम्बर को भारतीय वायुसेना के पराक्रम और गौरव का साक्षी बनेगा। भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम इस दिन अपने अद्भुत हवाई करतबों से नवा रायपुर के आकाश को देशभक्ति, रोमांच और गर्व के रंगों से भर देगी। यह प्रदर्शन रजत जयंती समारोह का प्रमुख आकर्षण होगा।

5 नवम्बर को नवा रायपुर का आसमान गर्व, रोमांच और देशभक्ति के रंगों से सराबोर होगा। छत्तीसगढ़ की रजत जयंती पर यह शौर्य की उड़ान हर नागरिक के हृदय में भारतीय वायुसेना के प्रति सम्मान और गर्व की भावना को और ऊँचा उठाएगी। राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित यह एरोबैटिक शो छत्तीसगढ़ की नई ऊँचाइयों और आत्मविश्वास का प्रतीक बनेगा। 'बॉम्ब बर्स्ट', 'हार्ट-इन-द-स्काई', 'एरोहेड' जैसी विश्वप्रसिद्ध फॉर्मेशन्स जब आकाश में आकार लेंगी,



तब पूरा वातावरण भारतीय शौर्य और तकनीकी निपुणता से गूंज उठेगा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ के युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क और राष्ट्रीय गौरव की भावना को और मजबूत करेगा। राज्य शासन और भारतीय वायुसेना के संयुक्त प्रयास से कार्यक्रम की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं।

रायपुर सहित आसपास के जिलों से हजारों नागरिक, विद्यार्थी और परिवार इस एरोबैटिक शो के साक्षी बनेंगे। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की उड़ान का प्रतीक बनेगा। सूर्यकिरण टीम का यह प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि जब कौशल, समर्पण और तकनीक एक साथ उड़ान भरते हैं, तो आसमान भी झुक जाता है।

1996 में गठित सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम भारतीय वायुसेना की सटीकता और सामूहिक समन्वय की अनूठी मिसाल है। एशिया की यह एकमात्र नौ विमान वाली एरोबैटिक डिस्प्ले टीम है, जिसके विमानों के बीच की दूरी मात्र पाँच मीटर तक होती है। यह भारत की तकनीकी दक्षता, अनुशासन और साहस का अद्भुत उदाहरण है।

अब तक सूर्यकिरण टीम ने 700 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन दिए हैं – श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, ब्रिटेन और थाईलैंड सहित अनेक देशों में भारत की प्रतिष्ठा को ऊँचाई दी है।2023 में टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट विश्वकप के दौरान शानदार प्रस्तुति देकर खेल और राष्ट्रगौरव का अनूठा संगम प्रस्तुत किया था।

यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण है कि भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम हमारे रजत जयंती समारोह का हिस्सा बनेगी। यह शो छत्तीसगढ़ की उड़ान, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बनेगा। मैं प्रदेशवासियों से आग्रह करता हूँ कि वे इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें और हमारे वीर वायुसैनिकों के साहस, सटीकता और समर्पण को सलाम करें।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने पीएमश्री सेजेस डोंगरगांव का किया आकस्मिक निरीक्षण

**राजनांदगांव 4 नवम्बर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल द्वारा पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय डोंगरगांव का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रार्थना स्थल पर सभी बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई-लिखाई करने के लिए प्रोत्साहित किया और समय पर विद्यालय पहुंचने के लिए कहा। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों की बैठक लेकर विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों के अभ्यास कराने तथा कमजोर बच्चों को चिन्हांकित कर उन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान संस्था के प्राचार्य श्री बीएल देवांगन, शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे। इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रवास सिंह बघेल ने पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव का निरीक्षण किया।

## समाचार संक्षेप

### छत्तीसगढ़ टेकस्टार्ट 2025 : नवाचार और निवेश का नया अध्याय

**रायपुर, 4 नवंबर।** वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा 4 नवम्बर को छत्तीसगढ़ टेकस्टार्ट 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन राज्य के स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी क्षेत्र को नई दिशा देने के साथ-साथ उसे राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने का प्रयास है। छत्तीसगढ़ टेकस्टार्ट 2025 में निवेशक, उद्योग जगत के विशेषज्ञ और युवा उद्यमी एक ही मंच पर जुटेंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ को आईटी, आईटीईएस और तकनीकी उद्यमिता का अग्रणी केंद्र बनाना है। यह आयोजन नए निवेश को गति देगा, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत के बीच साझेदारी के अवसर बढ़ाएगा, तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में राज्य की उभरती क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करेगा। आयोजन में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया और MeitY स्टार्टअप हब जैसे राष्ट्रीय संस्थान भी भाग लेंगे। कार्यक्रम में नई तकनीक, नवाचार नीतियों और वैश्विक सहयोग के अवसरों पर चर्चा की जाएगी। राज्य की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के तहत स्टार्टअप्स और आईटी/आईटीईएस निवेशकों के लिए सीड फंडिंग, संचालन सहायता और इनक्यूबेशन सपोर्ट जैसे अनेक प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ साझेदारी समझौते भी किए जाएंगे ताकि छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप्स को मार्गदर्शन, नवाचार और वैश्विक बाजारों तक पहुँच प्राप्त हो सके। छत्तीसगढ़ टेकस्टार्ट 2025 राज्य को मध्य भारत का प्रमुख नवाचार और तकनीकी केंद्र बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह आयोजन राज्य में एक मजबूत, नवाचार-प्रेरित और वैश्विक स्तर पर जुड़ा हुआ स्टार्टअप वातावरण तैयार करेगा। 4 नवम्बर को आयोजित होने जा रहा 'छत्तीसगढ़ टेकस्टार्ट 2025' राज्य में नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता के नए युग की शुरुआत करेगा। यह आयोजन न केवल छत्तीसगढ़ के युवाओं में स्टार्टअप संस्कृति और तकनीकी उद्यमिता को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि राज्य को 'न्यू इंडिया' के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन मिशन में एक प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करेगा। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'डिजिटल इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' अभियानों की भावना के अनुरूप है, जो आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में नवाचार और कौशल को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य है कि हर युवा विचार एक अवसर बने, और हर नवाचार राज्य की प्रगति में योगदान दे।

### देश में बढ़ेगा एल्युमीनियम उत्पादन विदेशी निर्भरता होगी कम

**रायपुर 4 नवंबर।** भारत का एल्युमीनियम उद्योग आज उस मोड़ पर खड़ा है, जहाँ एक बड़ा नीतिगत निर्णय देश को आत्मनिर्भर बना सकता है। लेकिन, आयात पर बढ़ती निर्भरता कहीं न कहीं चिंता का विषय है। ऐसे में, एल्युमीनियम एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएआई) ने सरकार से ठोस कदम उठाने की अपील की है, ताकि भारत अपने एल्युमीनियम उत्पादन में आत्मनिर्भर बने और विदेशी आयात पर निर्भरता घटे। एएआई ने खनन मंत्रालय को एक प्रस्तुति सौंपी है, जिसमें सभी एल्युमीनियम उत्पादों पर 15% बेसिक कस्टम ड्यूटी और स्क्रैप आयात पर सख्त गुणवत्ता नियंत्रण लागू करने की सिफारिश की गई है। संगठन का मानना है कि इन कदमों से भारत लगभग 20 लाख करोड़ रुपए के निवेश आकर्षित कर सकता है और देश में 'क्रिटिकल मिनरल्स' जैसी किसी संकट स्थिति से बचा जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पाँच वर्षों में एल्युमीनियम आयात में 50त्न की बढ़ोतरी हुई है। एएआई का कहना है कि अगर यही स्थिति रही, तो भारत सस्ते और निम्न गुणवत्ता वाले स्क्रैप का डंपिंग ग्राउंड बन सकता है।

### राज्योत्सव में लगी जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी में रही लोगों की खूब भीड़

**राजनांदगांव 4 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (म्यूनिसिपल स्कूल मैदान) राजनांदगांव में राज्योत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। राज्योत्सव के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा 25 वर्षों की प्रगति और विकास की गौरवशाली यात्रा को प्रदर्शित किया गया है। फोटो प्रदर्शन में प्रदेश एवं जिले में संचालित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा जिले के विकास कार्यों को फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही नागरिकों को जनमन मासिक पत्रिका और ब्रोसर के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। फोटो प्रदर्शनी से शासन की योजनाओं एवं जिले के विकास कार्यों की झलक से नागरिक प्रभावित हुए। नागरिकों ने कहा कि ऐसी प्रदर्शनी से शासन की योजनाओं को करीब से समझने और उनके लाभ उठाने में मदद मिलती है। प्रदर्शनी में शासन की महत्वाकांक्षी योजना कृषक उन्नति योजना से किसान हो रहे लाभान्वित, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में आवासों का निर्माण, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से ऊर्जा के क्षेत्र में स्थायी एवं आत्मनिर्भर की दिशा में सशक्त पहल, शासन की महतारी वंदन योजना से जिले के 2 लाख 56 हजार महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रूपए आर्थिक सहायता, श्री रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना से जिले के वरिष्ठजन कर रहे निःशुल्क अयोध्या धाम की यात्रा, लखपति दीदी योजना से महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड और आयुष्मान वय वंदना कार्ड से मरीजों को मिल रहा निःशुल्क ईलाज सुविधा को प्रदर्शित किया गया। इसी तरह शासन की 25 वर्षों की प्रगति, जल जीवन मिशन, खाद्यान्न सहायता योजना, मोदी की गारंटी, रोजगार, शिक्षा, औद्योगिक क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों को प्रदर्शित किया गया है। राज्योत्सव के अवसर पर जनसंपर्क विभाग के स्टॉल में शासन की लोकहितकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका, छत्तीसगढ़ में सुशासन के लिए नवाचार ब्रोसर, विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम, छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पत्रिका का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। जनसंपर्क विभाग की फोटो प्रदर्शनी में शासन तथा जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों को प्रदर्शित किया गया है।

### छात्राओं ने देखा विकसित राज्य का रोडमैप

**रायपुर, 4 नवंबर।** राज्योत्सव में जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी छत्तीसगढ़ - विकास की नई पहचान और समृद्धि का गढ़÷ आमजन के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यह प्रदर्शनी राज्य की अब तक की उपलब्धियों और भविष्य की विकास योजनाओं को सरल, सजीव और रोचक तरीके से प्रस्तुत कर रही है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित अंजोर विज़न 2047 के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा, जनकल्याणकारी पहलों और नई संभावनाओं की जीवंत झलक दिखाई गई है। प्रदर्शनी देखने शंकराचार्य कॉलेज, सेजबहार रायपुर से आई छात्राओं ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छत्तीसगढ़ अंजोर विज़न 2047 को बेहद प्रेरणादायक बताया।

## एक नजर

### लेखा प्रभारी ने की 41 हजार से अधिक की हेराफेरी

**रायपुर, 4 नवम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग पंडरी में तत्कालीन लेखा प्रभारी ने 41 हजार से अधिक का हेराफेरी कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जेआर निराला 52 वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग पंडरी में कार्यरत है। बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग में पदस्थ तत्कालीन लेखा प्रभारी विनोद साहू ने कार्य करने के दौरान विभाग के 41856 रुपए का हेराफेरी कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### किराना दुकान के गल्ले से 50 हजार पार

**रायपुर, 4 नवम्बर।** ग्राम चंदखुरी स्थित किराना दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तोषण साहू 26 वर्ष चंदखुरी का रहने वाला है। प्रार्थी किराना दुकान चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखे नकदी 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### हेरोइन चिट्टा के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर, 4 नवम्बर।** आमानाका पुलिस ने टाटीबंध चौक से सरोना मार्ग में ट्रेलर वाहन में हेरोइन चिट्टा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 34-60 ग्राम चिट्टा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर टाटीबंध चौक से सरोना मार्ग में दबिश देकर ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एचएक्स 6227 में सवार आरोपी हरदीप कुमार 36 वर्ष और मंजीत सिंह 53 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 34-60 ग्राम हेरोइन चिट्टा, तौल मशीन और 2 मोबाइल फोन जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### महापौर ने पुन्नी मेला व गुरुनानक देव जयंती की दी बधाई

**रायपुर, 4 नवंबर।** महापौर मीनल चौबे ने समस्त नगरवासियों को राज्योत्सव एवं कार्तिक पूर्णिमा पर महादेवघाट पुन्नी मेला तथा गुरूनानक देव जयंती की बधाई दी है। कार्तिक पूर्णिमा पर महादेवघाट में विगत लगभग 6 सौ वर्षों से प्रतिवर्ष परम्परागत तौर पर भव्य मेला भरता है, जिसमें रायपुर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासी श्रद्धालु नागरिक अपने परिवारजनों सहित हजारों की संख्या में पहुंचकर खारून मईया में पुण्य स्नान करते हैं और सुप्रसिद्ध हटकेश्वरनाथ मन्दिर में जगतपिता शिव के दर्शन कर विशेष पूजा आराधना सपरिवार करते हैं. कार्तिक पूर्णिमा के पावन दिवस को विश्व भर में सिख गुरू नानकदेव की जयन्ती मनायीं जाती है. सिख गुरू गुरूनानक देव के सम्पूर्ण मानव समाज को दिए गए उपदेश और सन्देश वर्तमान समय में और अधिक प्रासंगिक माने जाते हैं.

# शहर कांग्रेस अध्यक्ष की घोषणा बिहार चुनाव के बाद

## पर्यवेक्षक ने बनाई सूची, राहुल गांधी ने भी कराया है सर्वे

**रायपुर, 4 नवम्बर।** हालांकि बिहार विधानसभा चुनाव से छत्तीसगढ़ में रायपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष के चयन प्रक्रिया का कोई लेना-देना नहीं है फिर भी ऐसा कहा जा रहा है कि 10 नवम्बर को बिहार में अंतिम चरण के मतदान के बाद ही रायपुर शहर अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी।

बताया जा रहा है कि अध्यक्ष के नाम का चयन दिल्ली दरबार में होगा। इस वक्त पार्टी के सभी वरिष्ठ दरबारी व निर्णयकर्ता बिहार चुनाव में व्यस्त हैं। इस कारण केंद्रीय स्तर के वरिष्ठ नेताओं की बैठक नहीं हो पा रही है। यहां यह बताना लाजिमी है कि वर्तमान में गिरीश दुबे अध्यक्ष हैं। नए अध्यक्ष की दौड़ में आरडीए के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ नेता इंजीनियर शिव सिंग ठाकुर, सुबोध हरितवाल, पूर्व पार्षद श्रीकुमार मेनन, दीपक मिश्रा, विनोद तिवारी तथा सुनील कुकरेजा के नाम हैं। इन नामों पर



पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुड़धे की मौजूदगी में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, भूपेश बघेल, डॉ. चरणदास महंत व टीएस सिंहदेव ने विचार किया है। ऐसा बताया जा रहा है कि विचार-विमर्श के बाद गुड़धे ने शिव सिंग ठाकुर, सुबोध हरितवाल, श्रीकुमार मेनन तथा दीपक मिश्रा के नामों की सूची दिल्ली दरबार के सामने रख दी है। खबर यह भी है कि शहर अध्यक्ष के लिए कौन सा चेहरा सर्वाधिक योग्य होगा इसके लिए राहुल गांधी ने सर्वे कराया है। गांधी की टीम ने आम जनता से राय जानी है। पान ठेलों, होटलों, दुकानों में तथा व्यापारियों से भी चर्चा की गई है। अध्यक्ष व दावेदारों की आपराधिक मामलों, जनता में पकड़, संगठन के प्रति समर्पण, राजनैतिक सक्रियता तथा आर्थिक स्त्रोत की जानकारियां जुटाई गई है। राहुल गांधी के सर्वे में आए नाम व पर्यवेक्षक की सूची में शामिल नामों का मिलान कर नए अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। जानकार कांग्रेसियों का कहना है कि छग कांग्रेस में गुटबाजी को देखते हुए आलाकमान चौंकाने वाले नाम की घोषणा कर सकता है।

नामों का पैनल बनाते समय बैज, बघेल, महंत व सिंहदेव की राय एक नहीं रही है। चारों नेताओं में अलग-अलग जिला अध्यक्षों के लिए पैनल बनाते समय विवाद की स्थिति निर्मित हुई है। किसी जिले से दो तो किसी जिले से तीन नामों का पैनल बनाया गया है। चारों वरिष्ठ नेताओं की कोशिश रही है कि उनके समर्थकों को बागडोर मिल जाए। फिल्हाल अध्यक्ष पद के दावेदार वर्क फ्रॉम होम के तहत घर बैठे दिल्ली में जुगत भिड़ा रहे हैं।

# रिहर्सलः आसमान पर सूर्यकिरण ने दिखाए हैरतअंगेज करतब



**रायपुर, 4 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2025 के अंतिम दिन यानी 5 नवंबर को नवा रायपुर का आसमान रोमांच और देशभक्ति से गूंजने वाला है। इस दिन भारतीय वायुसेना की 'सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम' शानदार एयर शो का प्रदर्शन करेगी, जो राज्योत्सव के समापन समारोह का सबसे भव्य आकर्षण होगा। कार्यक्रम से पहले 4 नवंबर को सुबह 10 बजे रिहर्सल आयोजित की गई।

रिहर्सल में नौ हॉक फाइटर जेट्स ने लगभग 40 मिनट तक आसमान में करतब दिखाए। इन जेट्स ने बॉम्ब बर्स्ट, एरोहेड, लूप और हार्ट-इन-द-स्काई जैसी फॉर्मेशन बनाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लाल, सफेद और हरे रंग के धुएं से सजे जेट्स ने आसमान में तिरंगे की झलक पेश की। सेंध जलाशय के आसपास लगभग एक लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है, ताकि सभी लोग इस अद्भुत नज़ारे का आनंद ले सकें। रिहर्सल के दौरान ही हजारों लोग पहुंचे और वायुसेना के शौर्य को देखने के लिए उत्साहित नजर आए। आयोजन स्थल से लगभग 20-25 किलोमीटर तक यह एयर शो साफ दिखाई देगा। एयर शो का सबसे बड़ा आकर्षण होगा भारतीय वायुसेना की आकाशगंगा पैराट्रूपर टीम का प्रदर्शन। रिहर्सल में इस टीम ने भी अपने रोमांचक करतब दिखाए। जांबाज कमांडो 10, 000 फीट की ऊँचाई से छलांग लगाते हुए नीचे उतरे और निर्धारित ऊँचाई पर पैराशूट खोलकर सुरक्षित लैंडिंग की। यह फ्री-फॉल जंप तकनीक विश्व की प्रमुख स्पेशल फोर्सेज द्वारा भी इस्तेमाल की जाती है। यह एयर शो और पैराट्रूपर प्रदर्शन न केवल मनोरंजन का अवसर है, बल्कि युवाओं में देशभक्ति और साहस की भावना भी जागृत करेगा।

## एसआईआर को लेकर भाजपा की बैठक 5 को

**रायपुर, 4 नवम्बर।** प्रदेश में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) का आज से हो गया है. ऐसे में प्रदेश के भाजपा संगठन ने बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक बड़ी बैठक रखी है. इसमें भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश रहेंगे.




बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के सभी मंत्री, विधायक, सांसदों के साथ ही सभी जिलों के अध्यक्ष बुलाए गए हैं. सभी को एसआईआर के नियम और कानून की जानकारी दी जाएगी. बैठक का मकसद जहां एक तरफ जनता की एसआईआर को लेकर मदद करना है, वहीं कांग्रेस पर हमला करने की रणनीति भी बनाना है. भाजपा के प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय का कहना है, कांग्रेस एसआईआर के मामले में भ्रम फैलाने का काम कर रही है. उसके झूठ को जनता के बीच उजागर करने के लिए सभी को मार्गदर्शन दिया जाएगा. देश के एक दर्जन राज्यों में एसआईआर चुनाव आयोग द्वारा करवाया जा रहा है. छत्तीसगढ़ में भी इसको लेकर प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है. इस मामले में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने फैसला किया है कि जनता को एसआईआर को लेकर मदद की जाए. ऐसे में राज्यों में राज्य संगठनों की बैठक की जा रही है. इन बैठकों में राष्ट्रीय नेता आकर एसआईआर के बारे में पूरी जानकारी दे रहे हैं. रायपुर में पांच नवंबर को होने वाली बैठक में जानकारी देने का जिम्मा भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री और प्रदेश के संगठन प्रभारी शिव प्रकाश को दिया गया है. वे पांच नवंबर की सुबह को दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे और यहां पर बैठक लेंगे.

## बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, नकली दवाओं के लिए स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त किया जाए

**रायपुर, 4 नवंबर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा, मेकाहारा जैसे अस्पताल में एक बेड पर दो प्रसूता को बच्चों के साथ लिटाया जा रहा। सरकारी अस्पतालों में जांच और इलाज नहीं पा रहा। प्रदेश नकली दवाओं का केंद्र बन चुका है, राजधानी सहित सभी मेडिकल कॉलेजों में हर सरकारी अस्पताल में लगातार नकली दवाएं मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्री व्यवस्था सुधारने के बजाय उस पर पर्दा डालने में लगे है। स्वास्थ्य मंत्री के मिली भगत या लापरवाही के बिना अस्पतालों में गुणवत्ता विहीन दवाएं नहीं पहुंच सकती। गलती एक या दो जगह हो सकती है, लगातार हर अस्पताल में नकली अमानक दवाएं मिलना बड़े घोटाले की ओर इशारा करते है। पूरे मामले की जांच की जाए और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को तत्काल पद से हटाया जाय। एसआईआर चुनाव आयोग का काम है या भाजपा का एजेंडा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक



बैज ने कहा कि खबरे छपी है कल भाजपा की एक बैठक हुई जिसमें यह निर्णय हुआ कि एसआईआर के बारे में विपक्ष कोई बयान देगा या उसके खिलाफ कोई समाचार छपेगा तो भाजपा के विधायकों और पूर्व विधायकों को जवाबदारी दी गई है कि उसका वे जवाब देंगे।

एसआईआर चुनाव आयोग का काम है तो उसके बारे में कोई सवाल खड़ा होता है या प्रक्रिया में परेशानी आती है तो उसका निराकरण करना जवाब देना आयोग का काम है। भाजपा किस हैसियत से इसका जवाब देने की तैयारी कर रही है। क्या भाजपा आयोग की प्रवक्ता है? कांग्रेस ने पहले भी कहा था आयोग यह सुनिश्चित करे कि एसआईआर किसी राजनैतिक दल का एजेंडा नहीं है। आयोग यह भी सुनिश्चित करे यह काम पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से होगा। एसआईआर का उद्देश्य मतदाताओं का सत्यापन होना चाहिए न कि मतदाताओं को परेशान करने की नीयत। हमारी मांग है कि आयोग भाजपा के कल की मीटिंग के संबंध में छपे समाचारों पर स्पष्टीकरण मांगे। सरकार महिला सहायता समूह को धोखा दे रही, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओ को धोखा दे रही है। भाजपा ने चुनाव में वादा किया था पूरे प्रदेश में महिला समूहों को रेडी टू इट का काम दिया जाएगा। सरकार में आने के बाद इसको भूल गए। जब विपक्ष और महिलाओं ने मांग किया तब एक साल पहले घोषणा किया कि पहले 6 जिलों में महिलाओं को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में काम देंगे, फिर सभी जिलों में देंगे। एक साल हो गया सिर्फ रायगढ़ जिले के कुछ प्रोजेक्ट में समूहों को काम दिया गया, पूरे जिले में नहीं और दंतेवाड़ा जिले के कुआं कोंडा ब्लॉक में काम दिया गया।

# कैट करेगा ट्रांसपोर्ट इकाई का गठन



**रायपुर, 4 नवम्बर।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छ.ग. इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, छ.ग. इकाई के अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरेन्द्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी जी अध्यक्षयता में कैट ट्रांसपोर्ट के पदाधिकारियों के साथ मिटिंग हुई। मिटिंग में ट्रांसपोर्ट से जुडी हुई मुद्दो पर चर्चा की गई।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि कैट के सभी जिला इकाईयों में कैट ट्रांसपोर्ट का गठन किया जायेगा। उन्होनें आगे कहा कि विगत दिनों छत्तीसगढ़ शासन के जीएसटी आयुक्त पुष्पेंद्र कुमार मीणा से सौजन्य मुलाकात कर ई-वे बिल नियमों में आवश्यक एवं व्यावहारिक सुधारों की माँग को लेकर पत्र सौंपा गया था। पत्र में में ईज ऑफडुइंग बिज़नेस की भावना के अनुरूप छत्तीसगढ़ के व्यापारियों एवं उद्योगपतियों की ओर से दो प्रमुख माँगें रखी गई है।

# नशे की दवाइयां बेचते आठ गिरफ्तार


**दुर्ग, 4 नवम्बर।** दुर्ग पुलिस ने नशे की दवाइयां बेचने वाले 8 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 2.5 हजार कैप्सूल जब्त किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ लोग खुर्सीपार के आईटीआई ग्राउंड में नशीली कैप्सूल (टेबलेट) अवैध रूप से रखकर बिक्री करने ग्राहक तलाश रहे हैं।



सूचना पर घेराबंदी कर उन्हें पकड़ कर पूछताछ किया गया जिस पर संदेहियों द्वारा अपना नाम रजनीश पाडे, विपिन जेम्स, श्याम कन्हैया विश्वकर्मा, रणजीत राम, अभिजीत साहू क अरबाज खान उर्फ बाबू बताया। रजनीश पांडे से बिना नंबर मोटरसाइकिल, नशीली कैप्सूल 192 नग, नगदी रकम 400 रुपए एवं एप्पल व मोटारोला का फोन, विपिन जेम्स से 312 नाग केप्सूल, सैमसंग का मोबाइल और नगदी रकम तीन सौ रुपए, श्याम कन्नौया विश्वकर्मा से प्रोक्सी को स्पष्ट कैप्सूल 264 नाग. एक वीवी मोबाइल, नगदी रकम 350 रुपए, रणजीत राम से 200 नाग कैप्सूल एक सैमसंग मोबाइल 250 नगदी रकम, अभिजीत साहू से 296 नाग कैप्सूल तथा अरबाज खान से 700 नग कैप्णूत एवं एक वनप्तस मोबाइल फोन बरामद किया गया। इसी प्रकार कुल 2044 नग कैप्सूल एवं ब्रिक्री रकम 1300 टाइटन की घड़ी,6 नग मोबाइल, एक मोटरसाइकित बरामद किया गया, आरोपीयों के विरुद्ध थाना खुर्सीपार में अपराध धारा 21 सी. 8. 27 एनडीपीएस एक्ट, 111(3) बीएनएस पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इसी तरह से थाना पद्मनाभपुर में ने मानस भवन के पीछे रविशंकर स्टेडियम दुर्ग के पास से दो लोगों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेहियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम फैजान अहमद व साहित कुमार यादव बताया, उनके तलाशी लेने पर दोनों आरोपियों से ट्रामाडोल टेबलेट की 45 स्ट्रिप/ 371 नग कैप्सूल बरामद किए हुआ एवं विक्री रकम 1110 रुपए, एक एक्टिवा, दो नाग मोबाइल फोन जब्त किया गया, दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना पद्मनाभपुर में अपराध कायम कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# पुलिस विभाग की डिजिटल प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र

**रायपुर, 4 नवम्बर।** राज्योत्सव, 2025 में पुलिस विभाग ने तकनीकी माध्यमों से अपनी उपलब्धियों सहित नवीन कानूनी प्रावधानों को डिजीटल अंदाज में पेश किया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा राज्योत्सव में इस बार दंड से न्याय की ओर परिकल्पना को साकार करते हुए पीड़ित केन्द्रित दृष्टिकोण पर आधारित नवीन कानूनों का प्रदर्शनी लगाया गया है, जो लोगों के बीच कौतुहल का विषय बना हुआ है और अपनी ओर ध्यान खींच रहा है। देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को आधुनिक व पारदर्शी बनाने की दिशा में किये गये सुधारों को पुलिस एवं संबंधित विभागों द्वारा विशेष रुप से प्रदर्शित किया गया है। इन नवीन आपराधिक कानूनों का उद्येश्य निर्धारित समय पर अपराधो की जॉच और निराकरण में वैज्ञानिक पद्धति से डिजीटल और फॉरेंसिक साक्ष्यों को प्राथमिकता देना है, ताकि न्याय प्रणाली और अधिक त्वरित, प्रभावी और पारदर्शी हो सके। गृह विभाग द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी में पुलिस विभाग, डॉयल. 112, सीन ऑफ क्राइम यूनिट, हास्पिटल, एफएसएल, अभियोजन, जिला न्यायालय, कारागृह, उच्च न्यायालय के स्टाल लगाये गये हैं। न्याय व्यवस्था के उक्त पांच प्रमुख स्तंभों की कार्य प्रणाली को नाट्य रूप में प्रस्तुत किया जाकर प्रदर्शनी को जीवंतता प्रदान करने प्रयास किया गया है, जो रोचक व आकर्षक है। प्रदर्शनी में तकनीकी अनुसंधान और समन्वय के माध्यम से अपराध जॉच और न्यायालयीन प्रकिया को सटीकता के साथ प्रस्तुत किया गया है। अभियोजन और न्यायिक कार्यवाहियों की आनलाईन ट्रैंक्रिग प्रणाली को भी बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया गया है।



प्रदर्शनी देखने आने वाले नागरिकों और छात्र छात्राओं के लिए क्विज व खेल.खेल में कानून को समझाने का एक अच्छा प्रयास किया गया है, जिसमें रोचक इंटरएक्टिव कार्यक्रम रखे गये हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से नवीन अपराधिक कानूनों के प्रावधानों को सरल और रोचक तरीके से समझाया जा रहा है। यह पहल न केवल जनजागरुकता बढ़ाने का माध्यम है, बल्कि नागरिकों में कानून के प्रति सम्मान, विश्वास और सहभागिता की भावना को विकसित करते हुए पुलिस व जनता के बीच मुधर संबंध स्थापित करने का एक अच्छा प्रयास है।

# तनावमुक्त रहना ही सुखमय जीवन का आधारः पूनम बहन



**रायपुर, 4 नवम्बर।** बेमेतरा कृषि उपज मंडी प्रांगण में ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा तनावमुक्त जीवन विषय पर प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने जीवन में शांति, आत्मबल और सकारात्मक सोच के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि योगेश तिवारी, प्रहलाद रजक अध्यक्ष, छ.ग. रजककार विकास बोर्ड, विजय सिन्हा अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद बेमेतरा तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। इस अवसर दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने कहां आज के इस तनाव युक्त जीवन जी रहे भागदौड़ कि जिंदगी में अपना परिवार अपना जीवन सब कुछ भूल गये हैं और सिर्फ भोग-विलास की ओर भाग रहे हैं शरीर को नुक़सान पहुँचा रहे है। टेन्शन ले रहे है ऐसे समय मे ब्रह्मकमारी ईश्वरीय विद्यालय योग ध्यान के माध्यम से मनुष्य जीवन को सुकन शांति पहुँचाने का काम कर रहा है। योगेश तिवारी ने कहा आज के समय में मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी आवश्यकता 'मानसिक शांति' की है।

**फरमान** | नगरीय प्रशासन विभाग ने टोल-फ्री नम्बरों 1033 व निदान-1100 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा

# घुमंतू पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चलेगा विशेष अभियान

- कलेक्टरों, निगम आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जारी किया परिपत्र
- विभाग ने सभी निकायों को कार्रवाई की जानकारी हर सप्ताह भेजने के दिए निर्देश

**रायपुर, 4 नवम्बर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सड़कों पर घुमंतू व आवारा पशुओं के कारण होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने सभी नगरीय निकायों को एक माह तक विशेष अभियान चलाने तथा टोल-फ्री नम्बरों 1033 व निदान-1100 के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। विभाग ने मंत्रालय से सभी जिलों के कलेक्टरों, नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर परिवहन विभाग के एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) के अनुसार कार्यवाही करने और खुले में पशुओं को नहीं छोड़ने के लिए पशु मालिकों को जागरूक करने को कहा है।

परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा और घुमंतू पशुओं के कारण होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है। इसमें सड़कों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने, निगरानी दलों



के गठन, घुमंतू पशुओं के प्रबंधन, पुनर्वास, दुर्घटना प्रबंधन, आपात सेवाओं, पशु मालिकों को जागरूक करने इत्यादि के संबंध में विभिन्न विभागों के दायित्व निर्धारित किए गए हैं।

नगरीय प्रशासन विभाग ने परिवहन विभाग के एसओपी के अनुसार सभी नगरीय निकायों को उच्च जोखिम क्षेत्र एवं सामान्य जोखिम क्षेत्र की मैपिंग कर आवारा पशुओं को काउ-कैचर के माध्यम से गौ-शालाओं, गौ-अभ्यारण्यों, कांजी हाउसों और गौठानों में विस्थापित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने आवारा/घुमंतू पशुओं को सुरक्षित स्थान पर विस्थापित करने के बाद पशु मालिकों को सूचित कर मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है। इनके साथ ही विभाग ने आवारा पशुओं को पशु पालन विभाग के माध्यम से रेडियम स्ट्रिप लगाने, रात्रि में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने चिन्हित मुख्य मार्गों एवं स्थलों में स्ट्रीट लाइट के द्वारा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, सुरक्षा की दृष्टि से चिन्हांकित सड़कों में संकेतक बोर्ड लगाने तथा सोशल मीडिया के माध्यम से सड़कों पर आवारा पशुओं के विचरण करने से होने वाले खतरों और पशु सुरक्षा के उपायों पर नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाने के भी निर्देश दिए हैं।

नगरीय प्रशासन विभाग ने निकायों को पशु मालिकों को खुले में पशुओं को नहीं छोडने हेतु जन-जागरूकता शिविर व विभागीय शिविरों के माध्यम से प्रेरित करने को कहा है। आवारा/घुमंतू पशुओं से होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक माह का विशेष अभियान (दिन और रात) चलाने और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा है। यह विशेष अभियान नगरीय निकाय क्षेत्रों के अतिरिक्त आस-पास के 10-15 कि.मी. की परिधि में ग्रामीण क्षेत्रों में भी ग्राम पंचायतों की सहमति एवं समन्वय से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**एजेंसी देनी है**

'दैनिक तरुण छत्तीसगढ़' की प्रदेश के अप्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में एजेंसी देनी है। पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने के इच्छुक शीघ्र संपर्क करें।

संपर्कः- 7999952703, 9826194896

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26